www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 35.c
28.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 95.770g
चांदी 78.800 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 पोस्टर पर चस्पा कानून की बेचारगी, लोग अराजकता के भय से पलायन को विवश
चेयरमैन के बेटे ने पत्नी को मारी गोली 04

वर्ष :08 | अंक :302 | मुंबई ,गुरूवार , 24 अप्रैल , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

### हत्या के दोषी व्यक्ति को आजीवन कारावास : पत्नी को भी हुई तीन साल की जेल

महराजगंज की एक अदालत नेएक युवक की हत्या के मामले में आरोपी व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार ने मंगलवार को यह आदेश पारित किया।अदालत ने राजकिशोर (45) को आजीवन कारावास और उसे बचाने की कोशिश करने वाली उसकी पत्नी विभा (40) को तीन साल कैद की सजा सुनाई है।उन्होंने बताया कि राजकिशोर और उसकी पत्नी पर सात सितंबर 2016 को पुरानी रंजिश के चलते निचलौल इलाके में सोनू नामक युवक की गला दबाकर हत्या करने का आरोप था।सिंह ने बताया कि इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या के लिए सजा) और 201 (अपराध के सुबूतों को गायब करना) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### एनआईए की टीम आईजी के नेतृत्व में पहलगाम रवाना हुई

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम को एक महानिरीक्षक (आईजी) के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर के आतंकवाद प्रभावित पहलगाम के लिए रवाना किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि टीम पहलगाम के लिए रवाना हो गई है, जहां वह मंगलवार को हुए नृशंस आतंकवादी हमले की जांच कर रही स्थानीय पुलिस को सहायता प्रदान करेगी।इस हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकतर देश के विभिन्न भाग से आए पर्यटक थे। आतंकवादियों ने उन पर्यटकों पर गोलियां चलाईं जो पहलगाम के बैसरन में भोजनालयों के आसपास घूम रहे थे, खच्चरों पर सवारी कर रहे थे या पिकनिक मना रहे थे। अपनी मनोरम सुंदरता के कारण इस जगह को मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है।

# आतंक के आगे कभी नहीं नहीं झुकेगा भारत

## मृतकों को श्रद्धांजलि देने के बाद बोले अमित शाह

श्रद्धांजलि

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि भारी मन से पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही दुश्मनों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए 26 लोगों के शवों पर पुष्पांजलि अर्पित की और बचे लोगों को आश्वासन दिया कि इस नृशंस कृत्य के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि भारी मन से पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही दुश्मनों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। गृह मंत्री ने बाद में मारे गए लोगों के परिवारों और हमले में जीवित बचे अन्य लोगों से बातचीत की। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि सुरक्षा बल इस घातक हमले के दोषियों को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बुधवार रात को हमले के कुछ ही घंटों के भीतर शाह यहां पहुंचे और उन्हें पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने स्थिति के बारे में जानकारी दी। गृह मंत्री ने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की, जिसमें उपराज्यपाल भी शामिल हुए।

### पहलगाम हमला: नाम के साथ तीन आतंकियों के स्केच जारी, जनता से सुराग देने की अपील



श्रीनगर: सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में शामिल तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं. बैसरन के घास के मैदान में नागरिकों पर हुए घातक हमले में अब तक 26 लोगों की जान जा चुकी है. आतंकी हमले में शामिल संदिग्धों की पहचान आसिफ फूजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा के रूप में हुई है .शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, हमलावरों ने अङ-47 राइफलों से लैस होकर करीब 20 मिनट तक गोलियां चलाईं, जिससे शांत पहाड़ी इलाका खौफनाक मंजर में बदल गया .प्रारंभिक जांच से परिचित एक अधिकारी ने कहा, वहां अफरा-तफरी मची हुई थी. गोलीबारी बंद नहीं हुई.

### हरियाणा के लेफ्टिनेंट को अंतिम विदाई

लोगों ने पार्थिव देह पर फूल बरसाए, पत्नी ने सैल्यूट किया; आतंकियों ने नाम पूछकर गोली मारी थी



करनाल , जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों की गोली से कत्ल हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल का पार्थिव शरीर करनाल पहुंच गया है।यहां घर पर दर्शन के बाद उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई, जो मॉडल टाउन स्थित श्मशान घाट पहुंच गई है। थोड़ी देर में अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा ।इस दौरान बहन ने भी उन्हें कंधा दिया।उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए जनसैलाब उमड़ा है।लोग विनय नरवाल अमर रहे और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगा रहे हैं ।नायब सैनी भी लेफ्टिनेंट? के घर पहुंचे हैं।उन्होंने परिजनों से मुलाकात की।उट ने जींद में रखा कार्यक्रम रद्द कर दिया था ।पहले नवविवाहित पत्नी लेफ्टिनेंट के पार्थिव देह से लिपटकर रो पड़ीं।विनय का पार्थिव शरीर करनाल लाने से पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर लाया गया था।

### 'भारत को डराया नहीं जा सकता, हम जोरदार जवाब देंगे':राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, भारतीय वायु सेना एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी के साथ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की।इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।वहीं, एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसको लेकर बड़ा बयान भी दिया।उन्होंने सबसे पहले इस घटना पर दुख जताया है।उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत को डराया नहीं जा सकता है ।राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुई कायराना हरकत में कई मासूम लोगों की जान चली गई।हम बहुत दुखी हैं।मैं उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है।

### कांग्रेस ने की सर्वदलीय बैठक की मांग, खड़गे बोले- ये समय राजनीति करने का नहीं



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और केंद्र से आतंकवाद से लड़ने के सामूहिक संकल्प को आकार देने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि सरकार से हम अपेक्षा करते हैं कि जब जरूरी कार्रवाई हो जाए और पूरी मालूमात हासिल हो गई हो तो, वह सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर आतंकवाद की चुनौती से निपटने के बारे में चर्चा करेगी।उन्हें सर्वदलीय बैठक बुलाकर कुछ सलाह लेनी चाहिए।यह राजनीति नहीं है और हम इस स्थिति में राजनीति नहीं चाहते।खड़गे ने एक्स पर लिखा कि कल दोपहर करीब 2:30 बजे, जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या से हमें गहरा दु:ख और सदमा पहुँचा है।

### धर्म कुछ भी हो लेकिन पहलगाम में पर्यटकों को बचाने के लिए भिड़ गया सैयद हुसैन शाह, फिर आतंकियों ने बरसा दी गोली

हमले में मारे गए कर्नाटक के मंजूनाथ की पत्नी ने बताया कि जब उन्होंने आतंकियों से बोला कि मुझे भी मार दो, तब आतंकी बोला कि तुम्हें नहीं मारेंगे, जाओ मोदी को बता दो।लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है।यह पर्यटकों पर 25 साल का सबसे बड़ा आतंकी हमला है।

### 'बस, बहुत हो गया', पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर बोले गुलाम नबी आजाद



*गुलाम नबी आजाद ने कहा कि एक समय था जब जम्मू-कश्मीर की कुछ मस्जिदों में आतंकवादियों के लिए समर्थन मांगा जाता था... यह पहली बार है कि मैं देख रहा हूँ कि मस्जिदों में सभी इमाम आतंकवादियों के खिलाफ बोल रहे हैं ।डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है।*

## उमर अब्दुल्ला ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

### बोले- मेहमानों को ऐसे जाता देख दिल टूट रहा

यह बैठक स्थिति पर चर्चा करने, आतंकवादी कृत्य की संयुक्त निंदा व्यक्त करने तथा शांति, न्याय और लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए आगे के मार्ग पर विचार-विमर्श करने के लिए बुलाई गई है।

एजेंसी



मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को पहलगाम आतंकी हमले के बाद कल एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। एक पत्र में, जिसकी एक प्रति समाचार एजेंसी-कश्मीर न्यूज ऑब्जर्वर (केएनओ) के पास है, उमर अब्दुल्ला ने बैठक के लिए सभी राजनीतिक दलों, जम्मू-कश्मीर के सांसदों और विधानसभा में विपक्ष के नेता को आमंत्रित किया है।यह बैठक कल दोपहर 3:00 बजे श्रीनगर में एसकेआईसीसी में आयोजित की जाएगी। यह बैठक स्थिति पर चर्चा करने, आतंकवादी कृत्य की संयुक्त निंदा व्यक्त करने तथा शांति, न्याय और लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए आगे के मार्ग पर विचार-विमर्श करने के लिए बुलाई गई है।उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए खच्चर चालक के जनाजे की नमाज में बुधवार को हिस्सा लिया। पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने घातक हमला किया था। मुख्यमंत्री ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के हापतनार में मृतक सैयद आदिल हुसैन शाह के परिवार के सदस्यों से बातचीत की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।

## कश्मीरी बोले- टूरिस्ट नहीं लौटे तो बर्बाद हो जाएंगे

### टेरर अटैक के बाद घाटी खाली-बुकिंग्स कैंसिल; लौट रहे पर्यटक, आगे क्या होगा

दिल्ली की कई ट्रैवल एजेंसियों ने बुधवार को बताया कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पर्यटकों द्वारा सुरक्षा कारणों से जम्मू-कश्मीर के लिए लगभग 90 प्रतिशत बुकिंग रद्द करा दी गई

एजेंसी



श्रीनगर , कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 27 टूरिस्ट की जान ले ली। यही बात सबसे हैरान करने वाली है। जम्मू-कश्मीर में सैकड़ों आतंकी हमले हुए, लेकिन टूरिस्ट कभी टारगेट नहीं रहे। इसकी वजह थी कि कश्मीर घूमने आने वालों से ही कश्मीरियों के घर चलते हैं। और आतंकी भी ये बात जानते हैं।टूरिस्ट अब कश्मीर छोड़ रहे हैं। बुकिंग कैंसिल करवा रहे हैं। टूरिज्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग यही सोच रहे हैं कि मुश्किल से पटरी पर आ रहा उनका कारोबार इस झटके से कैसे उबरेगा। हालांकि उनका कहना कि हमें पता था ऐसी घटना के बाद ये होगा। आतंकियों की हरकत से हमें भी शर्मिंदगी हो रही है। पहलगाम हमले के बाद कश्मीर में क्या बदल सकता है? भास्कर रिपोर्टर्स ने इसका जवाब तलाशने की कोशिश की। हमारे रिपोर्टर वैभव पलनीटकर और सुनील मौर्य लंबे अरसे से जम्मू-कश्मीर में रिपोर्टिंग करते रहे हैं। सहयोगी रऊफ डार अनंतनाग में रहते हैं और कश्मीर की खबरें कवर करते हैं। उन्होंने अपना अनुभव और यहां से बनी समझ शेयर की है।

### दिल्ली की अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर के खिलाफ दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराए गए 24 साल पुराने मानहानि के मामले में प्रोबेशन बॉन्ड जमा न करने के लिए गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया।

एजेंसी



नयी दिल्ली। अदालत ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर के खिलाफ दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराए गए 24 साल पुराने मानहानि के मामले में प्रोबेशन बॉन्ड जमा न करने के लिए गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया। मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामले से जुड़े प्रोबेशन बॉन्ड के निष्पादन की कार्यवाही पर दो सप्ताह तक रोक लगाने की पाटकर की याचिका को अस्वीकार कर दिया था और उन्हें ट्रायल कोर्ट जाने के लिए कहा था। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने बुधवार को नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) की नेता मेधा पाटकर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। अदालत ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा दायर मानहानि के मामले में उन्हें परिवीक्षा बॉण्ड और एक लाख रुपये का जुर्माना जमा करने के लिए कहा था।

### नवादा में भीड़ ने पुलिस पर हमला किया, पांच पुलिसकर्मी घायल

उप-मंडल पुलिस अधिकारी (नवादा) हुलाश कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, जब पुलिस दल वहां पहुंचा, तो भीड़ ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।

एजेंसी



बिहार। बिहार के नवादा जिले में भीड़ के हमले में एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) समेत कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार देर रात को उस समय हुई, जब एएसआई अन्य पुलिसकर्मियों के साथ टिकोडीह गांव में चार लोगों को बचाने गए थे, जिन्हें एक समूह ने बंधक बना लिया था।उप-मंडल पुलिस अधिकारी (नवादा) हुलाश कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, जब पुलिस दल वहां पहुंचा, तो भीड़ ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया।पथराव में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।ग्रामीणों ने एक पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने चार लोगों को ग्रामीणों के चंगुल से बचाया और घटना के संबंध में मामला भी दर्ज कर लिया गया।उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने कुल 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ता अब भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि चार लोगों को ग्रामीणों ने बंधक क्यों बनाया था।

### पहलगाम हमले पर सुप्रीम कोर्ट में 2 मिनट का मौन, पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

आतंकवादी कृत्य की निंदा करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस क्रूर हमले में जान गंवाने वाले पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी प्रस्ताव में कहा गया इस नासमझ हिंसा के शैतानी कृत्य ने सभी की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और यह आतंकवाद द्वारा फैलाई जाने वाली क्रूरता और अमानवीयता की एक कठोर याद दिलाता है।

एजेंसी



नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई विवेकहीन हिंसा की शैतानी हरकत की कड़ी निंदा की। 'मिनी स्विटजरलैंड' कहे जाने वाले बैसरन में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर की गई गोलीबारी में कम से कम 26 लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। शीर्ष अदालत ने बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर आतंकवादी कृत्य की निंदा की।

**सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी**

आतंकवादी कृत्य की निंदा करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस क्रूर हमले में जान गंवाने वाले पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी।

गुस्सा पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर भड़का कुमार विश्वास गुस्सा, कहा- 'बदला लिया जाएगा'

## 'कुत्ता पागल हो जाए तो गोली मारी जाती है...'

एजेंसी



आप के पूर्व नेता और कवि कुमार विश्वास ने बुधवार को हुए आतंकी हमले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें कथित तौर पर 28 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए, उन्होंने आतंकियों के सफाए की मांग की।

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर आतंकी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। पहलगाम की बैसरन घाटी में मंगलवार दोपहर 2.45 बजे हुए इस हमले को अंजाम दिया गया। लश्कर-ए-तैयबा की विंग द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। गोलीबारी के बाद आतंकी भाग गए। अब देश के लोग जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए कायराना हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की मौत पर शोक मना रहे हैं। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों की इस कायराना हरकत से भारतीयों में आक्रोश है, जो आतंकियों के खिलाफ सशस्त्र बलों द्वारा उचित जवाबी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। आप के पूर्व नेता और कवि कुमार विश्वास ने बुधवार को हुए आतंकी हमले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें कथित तौर पर 28 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए, उन्होंने आतंकियों के सफाए की मांग की। अपने कविता पाठ की एक पुरानी क्लिप साझा करते हुए कुमार ने एक एक्स पोस्ट में कहा: एक दशक पहले कहा था, फिर दोहरा रहा हूं।इसे आज या कल समझो - यही एकमात्र इलाज है। क्लिप में कुमार द्वारा सुनाई गई कविता कहती है,जिसका मोटे तौर पर अनुवाद है: देश बनाएँ या अपने बेटों की लाशें ढोएँ? इस दुविधा में हर पक्की जीत खो जाती है।दिल्ली में बैठे लोग आखिर कब यह समझेंगे? जब कुत्ता पागल हो जाता है, तो उसे गोली मार दी जाती है...! इस घटना पर राजनीतिक नेताओं की प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं।शिवसेना (यूबीटी) के नेता और सांसद संजय राउत ने गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की माँग करते हुए कहा है कि उन्हें देश पर एहसान करते हुए पद छोड़ देना चाहिए।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुआ आतंकी हमला 2019 में पुलवामा के बाद घाटी में नागरिकों पर अब तक का सबसे घातक हमला है।प्रत्यक्षदर्शियों और जीवित बचे लोगों ने खुलासा किया है कि हमलावरों ने पर्यटकों को उनके धर्म और पहचान के आधार पर निशाना बनाया।कुछ मामलों में, पुरुष पीड़ितों को कथित तौर पर अपनी पतलून उतारने के लिए कहा गया, और उनके निजी अंगों की जाँच की गई ताकि उनकी आस्था का पता लगाया जा सके।कई जीवित बचे लोगों ने कहा कि हमलावरों ने लोगों से गोलीबारी करने से पहले कलमा, एक इस्लामी आस्था की घोषणा, पढ़ने के लिए कहा। नरसंहार में बची एक महिला पर्यटक ने पुलिस को एक संकट कॉल में बताया कि बंदूकधारियों ने उसकी कलाई पर शादी की चूड़ियाँ (चूड़ा) देखने के बाद उसके पति से संपर्क किया, उन्हें संदेह था कि वे हिंदू हैं। महिला ने रोते हुए कहा उसने मेरे पति का नाम और धर्म पूछा।

## रावलपिंडी को तबाह कर दिया जाना चाहिए, पहलगाम हमले के बाद कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद का तीखा बयान



जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकी हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है।शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।नरेंद्र मोदी सरकार को आतंकवाद को खत्म करने के खोखले दावे करने के बजाय जम्मू-कश्मीर में जमीनी हालात के बारे में स्पष्ट रूप से बताना चाहिए।पहलगाम हमला, जो जम्मू-कश्मीर में हाल के वर्षों में सबसे घातक हमलों में से एक है, पहलगाम के सुंदर बैसरन घास के मैदान में हुआ, जब सैन्य वर्दी पहने आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह पर गोलीबारी की।

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए एक तीखा बयान जारी किया और पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का आह्वान किया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए विनाशकारी आतंकी हमले में कम से कम 26 लोगों की जान चली गई। रावलपिंडी को तहस-नहस कर दिया जाना चाहिए!

उन्होंने हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की संदिग्ध संलिप्तता का हवाला देते हुए एक्स पर लिखा कि अब कोई बातचीत नहीं, कोई व्यापार नहीं, कोई क्रिकेट नहीं, कोई सांस्कृतिक गतिविधि नहीं।पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाने का समय आ गया है जिसे वे कभी न भूलें।जय हिंद। इससे पहले एक पोस्ट में उन्होंने हमले की निंदा की और पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति से निपटने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकी हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। नरेंद्र मोदी सरकार को आतंकवाद को खत्म करने के खोखले दावे करने के बजाय जम्मू-कश्मीर में जमीनी हालात के बारे में स्पष्ट रूप से बताना चाहिए।

## सम्पादकीय

# टकराव की राह पर विधायिका-न्यायपालिका, न्यायिक अतिक्रमण पर रोक जरूरी

तमिलनाडु राज्य बनाम राज्यपाल मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा की गई आलोचना ने न्यायपालिका और विधायिका के बीच फिर एक बार टकराव की स्थिति पैदा कर दी है। तमिलनाडु सरकार की ओर से विधानसभा में पारित 10 विधेयकों को राज्यपाल की सहमति रोके रखने का मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा था। अपने अनूठे निर्णय में न्यायालय ने न सिर्फ इन लंबित विधेयकों को राज्यपाल की सहमति के बिना ही मंजूर घोषित किया, बल्कि राज्यपाल के लिए तीन माह के भीतर ऐसे बिलों को वापस विधानसभा भेजने अथवा राष्ट्रपति के समक्ष विचार हेतु प्रेषित करने की समयसीमा भी निश्चित कर दी। इतना ही नहीं, न्यायालय ने अपने फैसले में राष्ट्रपति को भी निर्देश दिया कि उन्हें राज्यपाल द्वारा सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर तीन माह के भीतर निर्णय लेना होगा। जस्टिस जेबी पाडीवाला और आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि ऐसे विधेयकों पर राष्ट्रपति की निष्क्रियता के खिलाफ राज्य अदालत जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने राज्यपाल की शक्तियों का अधिग्रहण कर विधायिका के कार्य में हस्तक्षेप तो किया ही, संघीय ढांचे में केंद्र की ओर शक्ति के झुकाव को भी कुंद किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इसी पर आपत्ति जताई। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा के घर मिले अधजले नोटों के मामले में कोई एफआइआर न दर्ज किए जाने पर भी प्रश्न खड़े किए। समवर्ती सूची में उल्लिखित विषयों पर केंद्रीय कानूनों की सर्वोच्चता, सातवीं अनुसूची में शामिल होने से रह गए अवशिष्ट विषयों पर केंद्र को कानून बनाने का अधिकार, अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन लगाने का अधिकार ऐसे कुछ प्रविधान हैं, जो केंद्र की सर्वोच्चता को स्पष्ट रूप से रेखांकित करते हैं। अनु. 355 एक ऐसी शासकीय व्यवस्था की कल्पना करता है, जिसमें केंद्र पर यह सुनिश्चित करने का भार होता है कि राज्य सरकारें अपने दायित्व का पालन संवैधानिक प्रविधानों के अनुरूप करें। इसीलिए राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल की नियुक्ति की जाती है। गौर करने वाली बात यह है कि राष्ट्रपति की अपेक्षा राज्यपाल के पास कहीं अधिक और वास्तविक शक्तियां होती हैं। कानून एवं व्यवस्था बिगड़ने या फिर असंवैधानिक कार्यकलापों का मामला संज्ञान में आने पर वह विधानसभा भंग करने की सिफारिश भी कर सकता है। अनुच्छेद 200 के अंतर्गत स्वीकृति हेतु राज्यपाल के समक्ष आए विधेयकों को अनुमति देने या राष्ट्रपति द्वारा विचार के लिए आरक्षित रखने की कोई सीमा नहीं है। जिन 10 विधेयकों को लेकर राज्य सरकार ने याचिका दायर की, उनमें एक विश्वविद्यालयों में कुलपति के चयन का अधिकार राज्यपाल से हटाकर मंत्री परिषद को देने की बात करता है।

## आज का विचार







**मेष राशि:** दिन आपके लिए सामान्य रहेगा. आप किसी बात विवाद में फंस सकते हैं. अधिकारी वर्गों से मतभेद हो सकते हैं, जिस कारण आपको कार्यक्षेत्र में प्रॉब्लम आ सकती है. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. मौसम के कारण स्वास्थ्य में गिरावट महसूस होगी.

**वृषभ राशि :** दिन आपके लिए कुछ अच्छा रहने वाला है. आपके अंदर एक पॉजिटिव ऊर्जा काम करती दिखाई देगी. कल आप नेगेटिव थॉट से बचें. किसी नए कार्य की शुरूआत करना कल आपके लिए अच्छा रहेगा, परंतु काम का सीक्रेट किसी के साथ शेयर ना करें.

**मिथुन राशि :** दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है. आपका मन प्रसन्न दिखाई देगा. कल आपका कोई बहुत पुराना रुका हुआ कार्य पूरा हो सकता है जिससे आपको बड़े आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी. नौकरी वर्ग के लोगों के लिए विशेष पदोन्नति मिल सकती है.

**कर्क राशि:** दिन आपके लिए कुछ परेशानी वाला हो सकता है कल आपको लोन आदि चुकाने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ सकती है जिस कारण आपको कहीं अपमानित भी होना पड़ सकता है.

**सिंह राशि:** आपका मन अशांत रहेगा, जिसका एक कारण आपका स्वास्थ्य भी हो सकता है. कल स्वास्थ्य के चलते आपको कुछ समस्याएं महसूस होंगी. परिवार में किसी अपने का स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है.

**कन्या राशि:** दिन अच्छा रहेगा. सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे. स्वास्थ्य में लाभ प्राप्त होगा. किसी पुराने मित्र या सहयोगी से मिलना होगा. परिवार में कोई सुख समाचार प्राप्त होगा. रुका हुआ कार्य कार्य पूर्ण हो सकता है.

**तुला राशि:** दिन आपके लिए कोई खुशखबरी लेकर आने वाला रहेगा. कल आपके परिवार में किसी का जॉब लगने से आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार दिखाई पड़ेगा. घर में एक खुशी का माहौल देखने को मिलेगा.

**वृश्चिक राशि:** कुछ महत्वपूर्ण कार्य करने का मन में विचार बना सकते हैं. नौकरी में आपके अधिकारी वर्गों से विशेष सम्मान और पदोन्नति प्राप्त हो सकती है. परिवार के लोगों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बन सकता है.

**धनु राशि:** किसी नए कार्य के लिए मन में प्लान बना सकते हैं. किसी मित्र से आर्थिक सपोर्ट मांग सकते हैं. किसी कार्य विशेष के लिए आप पर पारिवारिक दबाव बन सकता है जिससे आप ना चाह कर भी कोई निर्णय दबाव में आकर ले सकते हैं.

**मकर राशि:** आप किसी कार्य को लेकर काफी परेशान हो सकते हैं. यात्रा पर जा सकते हैं. आपका कोई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट रुक सकता है. नुकसान उठाना पड़ सकता है. कल व्यापार व्यवसाय में स्थिति कुछ विपरीत दिखाई देगी.

**कुंभ राशि:** दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा. मन आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा रहेगा. घर में मांगलिक कार्य के योग बन सकते हैं. किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं. नौकरी वर्ग वालों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा.

**मीन राशि:** दिन आपके लिए शानदार रहेगा. आप किसी विशेष कार्य को लेकर जो योजना बना रहे हैं, वह सफल होगी. आपको कोई महत्वपूर्ण पद से नवाजा जा सकता है. सामाजिक. राजनीतिक क्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# पोस्टर पर चस्पा कानून की बेचारगी, लोग अराजकता के भय से पलायन को विवश

> आशा की जा रही थी कि अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद कश्मीरी हिंदू अपने घरों को लौट सकेंगे लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी ऐसी स्थितियां नहीं बन पा रही हैं। घाटी में कश्मीरी हिंदुओं की वापसी के लिए भारत सरकार को भले ही उन्हें किसी छावनी परिसर में बसाना पड़ता या उनके लिए विशेष क्षेत्र बनाना पड़ता उसे ऐसा करना चाहिए था।

पिछले दिनों दिल्ली के सीलमपुर इलाके में एक किशोर की हत्या ने सारे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा, क्योंकि इस घटना के बाद कई स्थानीय लोगों ने अपने घरों पर ऐसे पोस्टर लगाए-हिंदू पलायन कर रहा है, ये मकान बिकाऊ है, योगी जी मदद करो..। ऐसे पोस्टर लगने के बाद सनसनी फैलनी ही थी। सीलमपुर में मीडिया का जमावड़ा भी पहुंचा और नेताओं एवं पुलिस अधिकारियों का अमला भी। इलाके में पुलिस की तैनाती भी बढ़ाई गई, क्योंकि तनाव की स्थिति थी। आखिर क्या कहते हैं सीलमपुर के ये पोस्टर? क्या यहां रहने वालों की लाचारी या फिर पुलिस और कानून के शासन के प्रति भरोसे में कमी? इन पोस्टरों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उल्लेख तो यही इंगित करता है कि सीलमपुर के लोगों को दिल्ली पुलिस और यहां के शासन पर भरोसा नहीं। सीलमपुर के मामले को अपवाद नहीं कहा जा सकता, क्योंकि कुछ ही समय पहले ब्रह्मपुरी नामक मोहल्ले में ऐसे ही पोस्टर लगाए गए थे, क्योंकि मस्जिद के विस्तार को लेकर सांप्रदायिक तनाव फैल गया था। ब्रह्मपुरी और सीलमपुर जैसे मामले इसलिए बेहद चिंताजनक हैं, क्योंकि वे सुदूर इलाके नहीं, देश की राजधानी के मोहल्ले हैं। सीलमपुर से संसद और सुप्रीम कोर्ट की दूरी तो दस किलोमीटर भी नहीं है। यदि देश की राजधानी में एक तरह से संसद एवं सुप्रीम कोर्ट की नाक के नीचे रहने वालों के मन में कानून के शासन के प्रति ऐसा अविश्वास हो सकता है तो कल्पना की जा सकती है कि दूर-दराज के इलाकों में क्या स्थिति होगी? यह कल्पना करना इसलिए कठिन नहीं, क्योंकि वक्फ कानून विरोधियों की आतंक पैदा करने वाली हिंसा के भय से मुर्शिदाबाद से जो लोग मालदा भागने को मजबूर हुए, वे लौटने को तैयार नहीं। एक झटके में अपने ही देश में शरणार्थी बन गए इन अभागे लोगों का कहना है कि वे तभी लौटेंगे, जब वहां सीमा सुरक्षा बल के जवानों को स्थायी रूप से तैनात किया जाएगा। क्या ऐसा किया जाएगा? क्या मुर्शिदाबाद से मालदा भागे लोग अपने घरों को लौट सकेंगे? पता नहीं, क्योंकि समस्या केवल यह नहीं कि मुर्शिदाबाद से भागे लोगों को बंगाल पुलिस पर भरोसा नहीं। समस्या यह भी है कि इन लोगों ने वक्फ कानून के विरोध में उतरी हिंसक भीड़ के हाथों पुलिस की पिटाई भी देखी है। हिंसा पर आमादा इस भीड़ ने पुलिस के वाहनों को आग लगा दी थी और उन पर इतने बम फेंके थे कि पुलिस वालों को जान बचाकर भागना पड़ा था। इस हिंसा में दस पुलिसकर्मी घायल हुए थे। जो पुलिस अपनी रक्षा करने में समर्थ न हो, वह भला यह दिलासा कैसे दे सकती है कि वह आम लोगों की सुरक्षा करने में समर्थ होगी? मकान बिकाऊ है..के जैसे पोस्टर दिल्ली के सीलमपुर मोहल्ले में लगे, वैसे देश के अन्य हिस्सों में रह-रहकर लगते रहते हैं। निःसंदेह हर बार मामला गुंडों-दबंगों की अराजकता का नहीं होता। कई बार अपनी सामान्य समस्याओं से आजिज आए लोग शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए भी ऐसे पोस्टर लगा देते हैं, लेकिन ऐसे कुछ मामलों के आधार पर सभी मामलों की अनदेखी नहीं की जा सकती। पिछले एक दशक में मकान बिकाऊ है..के पोस्टरों ने सबसे अधिक सनसनी तब पैदा की थी, जब 2016 में मुजफ्फरनगर के कैराना से कई हिंदू परिवारों के पलायन करने की खबर आई थी। ये परिवार अपने घरों पर मकान बिकाऊ है...के पोस्टर चस्पा कर गए थे। पहले तो इस खबर का खंडन-मंडन करने की कोशिश हुई, लेकिन आखिरकार राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक टीम ने अपनी जांच में माना कि बेलगाम अराजक तत्वों के भय से कई हिंदू परिवार सचमुच अपने घर छोड़ गए हैं। योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद ही ऐसे परिवार अपने घरों को लौट सके, लेकिन ऐसे उदाहरण कम ही हैं, जब अराजकता, उत्पीड़न के चलते पलायन कर गए लोग अपने घरों को लौट सके हों। इसका कारण यह है कि ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। प्रायः लोगों को समझा-बुझाकर शांत करने और इलाके में फौरी तौर पर सुरक्षा बढ़ाकर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है।



जरूरी यह है कि ऐसी घटनाओं पर शासन-प्रशासन उदाहरण पेश करने वाली कार्रवाई करे, ताकि देश में कहीं भी कोई भी किसी की भी अराजकता के भय से अपना घर-बार छोड़ जाने के लिए विवश न हो। जब ऐसा होता है तो पीड़ित लोग नहीं, कानून का शासन लाचार साबित होता है। आतंक पैदा करने वाली अराजकता के खिलाफ उदाहरण पेश करने का सबसे पहला काम कश्मीर में किया जाना चाहिए था, जहां से लाखों कश्मीरी हिंदू आतंकियों के भय से अपना घर-बार छोड़ने को बाध्य हुए थे। यह उदाहरण न तो मनमोहन सरकार पेश कर सकी और न ही मोदी सरकार। आशा की जा रही थी कि अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद कश्मीरी हिंदू अपने घरों को लौट सकेंगे, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी ऐसी स्थितियां नहीं बन पा रही हैं। घाटी में कश्मीरी हिंदुओं की वापसी के लिए भारत सरकार को भले ही उन्हें किसी छावनी परिसर में बसाना पड़ता या उनके लिए विशेष क्षेत्र बनाना पड़ता, उसे ऐसा करना चाहिए था। अब भी करना चाहिए। इससे आतंकियों को यह आवश्यक संदेश जाएगा कि वे भारत के कानून को चुनौती नहीं दे सकते। अराजक तत्व लोगों को पलायन के लिए मजबूर करके भारत राज्य पर ही चोट नहीं करते, वे लोगों को उस माहौल में ले जाते हैं, जिसे आज की भाषा में जंगलराज कहते हैं।

# संवेदनशीलता से प्रकृति के पुनर्जीवन की राह

विजय गर्ग

पिछले पांच दशकों में वैश्विक आर्थिक प्रगति पांच गुना बढ़ी है, किंतु यहां तक पहुंचने के लिए 70 प्रतिशत से अधिक पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों का उनकी क्षमता से अधिक दोहन किया गया । इसका परिणाम यह कि पृथ्वी का अस्तित्व ही संकट में आ गया है।बार-बार चेताने की आवश्यकता होती है कि इस ब्रह्मांड में अनेक गैलेक्सियां हैं, और हमारी गैलेक्सी में भी अरबों ग्रह हैं, किंतु उनमें केवल पृथ्वी ही ऐसी है, जहां जीवन संभव है। सौरमंडल में पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है, जहां सतह पर जल उपलब्ध है और जो जीवन के अस्तित्व में सहायक है। निकट भविष्य में पृथ्वी के अलावा हमारी कोई और शरणस्थली नहीं बनने वाली।

संभवतः इसी कारण साल 2022 के विश्व पर्यावरण दिवस के लिए, 5 जून 1974 के पहले पर्यावरण दिवस की थीम ओनली वन अर्थ -केवल एक ही पृथ्वी को दोहराना जरूरी लगा। जहां 1974 में शायद ही यह कहा गया हो कि प्रकृति आपात स्थिति में है, वहीं 2022 तक ये चेतावनियां सर्वत्र सुनाई देने लगीं। मानवीय जरूरतों और लालच ने पृथ्वी को तीन मुख्य संकटों में जकड़ लिया है- जलवायु संकट, प्रकृति और जैव विविधता की हानि तथा प्रदूषण और अपशिष्ट का बढ़ता ढेर।

पिछले सौ वर्षों में आधे वेटलैंड और समुद्रों में आधे से अधिक मूंगे की चट्टानें नष्ट हो चुकी हैं। सागरों में इतना प्लास्टिक पहुंच रहा है कि 2050 तक वहां मछलियों से अधिक प्लास्टिक हो सकता है। पृथ्वी के प्रति संवेदना जगाने और इस बिगड़ते संतुलन को सुधारने के लिए ही 2021 के अर्थ डे की थीम थी- अपनी पृथ्वी को फिर से ठीक करें। अप्रैल 2022 की थीम अपने ग्रह में निवेश करें, अर्थ डे 2020 की जलवायु पर सक्रियता और 2019 की थीम थी अपनी प्रजातियों की रक्षा करें।



साल 2021-2030 की अवधि को संयुक्त राष्ट्र ने डिकेड ऑफ इकोसिस्टम रिस्टोरेशन यानी पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्स्थापन दशक घोषित किया है। इसमें ताजे पानी, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और भूमि आधारित इकोसिस्टम को फिर से पहले जैसी स्थिति में लाने के प्रयास जारी हैं। इसमें भूमि उपयोग परिवर्तन की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इन सभी प्रयासों का निष्कर्ष था कि 5 जून, 2022 को एक बार फिर केवल एक पृथ्वी के थीम पर लौटा जाए।

पृथ्वी और मानवता के लिए संकट का मुख्य कारण है- सतत उपभोग और सतत उत्पादन प्रणाली न होना। जनसंख्या वृद्धि के साथ यह समस्या बढ़ रही है। दूसरी ओर, जैव विविधता तेजी से घट रही है। अब तक 65 फीसदी वन्य जीव समाप्त हो चुके हैं। इसी कारण 2022 के विश्व पर्यावरण दिवस पर यह भी आह्वान किया गया था कि हम सतत और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाएं और पृथ्वी के साथ समरसता में जिएं। इस समरसता का भाव जगाने के लिए आवश्यक है कि हम स्वयं को पृथ्वी के स्थान पर रखें और सोचें कि जो कुछ पृथ्वी और प्रकृति के साथ हो रहा है, यदि वही हमारे साथ हो रहा होता, तो हमें कैसा लगता?

संवेदनशील न्यायालय और न्यायिक संस्थाएं अब प्रकृति या उसके किसी हिस्से को वैधानिक रूप से जीवित मानव घोषित कर रही हैं और उनके अधिकारों की रक्षा के आदेश भी दे रही हैं। हालांकि सरकारें ऐसे आदेशों को समय के साथ निरस्त कराने में सफल हो जाती हैं। कई बार, पर्यावरण और पृथ्वी के हित में उठी आवाजों को विकास विरोधी कहकर कमजोर करने का प्रयास करती हैं। यह भी निर्विवाद है कि पृथ्वी की हानि कम करने के प्रयास भी हो रहे हैं। मसलन, यूरोप में बांध हटाए जा रहे हैं। साल 2021 में यूरोप के 17 देशों में 239 बांध हटाए गए।

22 मई, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा था-हमने प्रकृति के विरुद्ध युद्ध छेड़ रखा है, जबकि हमें तो उसका रक्षक होना चाहिए था। प्रकृति हमें जीवन, अवसर, सेवाएं और समाधान देती है, किंतु हमने उसकी जैव विविधता को नष्ट किया और जलवायु संतुलन में बाधाएं डालीं। स्वस्थ पृथ्वी, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अत्यावश्यक है। अन्यथा, स्थिति यह है कि 90 प्रतिशत जनसंख्या प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर है।

मानव के पृथ्वी पर पड़ते प्रभावों को लेकर चिंता पिछले पचास वर्षों से व्यक्त की जा रही है। वर्ष 1972 में स्टॉकहोम में आयोजित संयुक्त राष्ट्र का पहला पर्यावरण सम्मेलन प्राकृतिक पर्यावरण पर नहीं, बल्कि मानव पर्यावरण पर केंद्रित था। इसी सम्मेलन में तय किया गया कि हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। दो वर्षों बाद केवल एक पृथ्वी है के नारे के साथ पहला पर्यावरण दिवस मनाया गया था।आज जरूरत है कि सरकारें, समाज और प्रत्येक व्यक्ति आत्ममंथन करें कि पृथ्वी के हित और अहित में उन्होंने क्या किया है। यदि हम प्रकृति को खुद ही पुनर्जीवित होने में मदद करें, तो वह भी पृथ्वी की सेवा ही होगी। कोरोना काल के प्रारंभिक दिनों में मानवीय गतिविधियां ठप होने के कारण नदियां, आकाश और वन्यजीवन स्वतः ही स्वच्छ-सजीव हो उठे थे। विशेष परियोजनाएं नहीं चलाई गई थीं, बस मानवीय हस्तक्षेप कम हो गया था। पशु-पक्षी, मछलियां और अन्य जीव-जंतु उन मार्गों पर लौट आए थे जो हमने उनसे छीन लिए थे।

# लॉर्ड जीसस के सच्चे शिष्य थे पोप फ्रांसिस

(राकेश अचल)

पोप फ्रांसिस को न मैंने कभी देखा और न मिला लेकिन टेलीविजन के पर्दे पर वे जब भी दिखे एक आकर्षक धार्मिक नेता की तरह ही नजर आये । उनके चेहरे से दया,करुणा ही झलकती दिखाई दी,उन्हें कभी उत्तेजित होते हुए नहीं देखा गया। पोप फ्रांसिस रोमन कैथोलिक ईसाई समाज के सबसे बड़े धार्मिक गुरु थे। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक पोप फ्रांसिस रोमन कैथोलिक समुदाय के 266 वे और सोसाइटी ऑफ जीसस (जेसुइट ऑर्डर) के पहले पोप थे, दक्षिणी अमेरिका से पहले पोप थे, तथा 8वीं शताब्दी के सीरियाई पोप ग्रेगरी तृतीय के बाद यूरोप के बाहर जन्मे या पले-बढ़े दूसरे पोप थे।

अर्जेंटीना के बोनस आइरिस में जन्में पोप फ्रांसिस की भी ईश्वर में आस्था एक बीमारी की गिरफ्त में आने के बाद बढ़ी । ये बात 1958 की है। वे 1969 में पहली बार पादरी बने और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पोप फ्रांसिस 2013 में तत्कालीन पोप के इस्तीफे के बाद उनके उत्तराधिकारी बनाये गए। आप जानते ही हैं कि पोप की हैसियत सिर्फ एक धार्मिक नेता की ही नहीं होती बल्कि वे विश्व राजनीति में एक कूटनीतिज्ञ की तरह भी किरदार अदा करते है। पोप फ्रांसिस प्रगतिशील और दक्षिणपंथ विरोधी नेता के रूप में उभरे । उन्होंने अनेक विवादास्पद रिश्तों और प्रवासियों के मुद्दों पर चीन जैसे देशों से मुठभेड़ की। पोप फ्रांसिस हमेशा प्रवासियों के हितों की रक्षा को सभ्य समाज का कर्तव्य मानते थे । उन्होंने इस मुद्दे पर अमरीकी नीतियों का भी विरोध किया।

मुझे लगता है कि पोप फ्रांसिस का पूरा जीवन लॉर्ड और चर्च की सेवा में समर्पित रहा। पोप फ्रांसिस ने दुनिया को हमेशा साहस, प्यार और हाशिए के लोगों के पक्ष में खड़ा रहने के लिए प्रेरित किया। एक मायने में कहें तो पोप फ्रांसिस लॉर्ड जीसस के सच्चे शिष्य थे। पोप फ्रांसिस को कैथोलिक चर्चों में सुधार के लिए भी जाना जाता है। इसके बावजूद पोप परंपरावादियों के बीच भी लोकप्रिय थे। फ्रांसिस दक्षिण अमेरिका (अर्जेंटीना) से बनने वाले पहले पोप थे। पोप फ्रांसिस ईस्टर संडे को ही वेटिकन में सेंट पीटर्स स्क्वेयर पर अपने भक्तों के सामने प्रकट हुए हुए थे।

पोप फ्रांसिस को मैं कोरा धार्मिक नेता नहीं मानता क्योंकि चुनाव के दौरान उन्हें रूढ़िवादियों और सुधारकों दोनों का जबरदस्त समर्थन मिला। पोप ने आलोचनाओं की परवाह किये बिना यौन मामलों में रूढ़िवादी और सामाजिक मामलों में उदारता दिखाई । पोप को उनके समर्थक उन्हें लोगों से जुड़ने, क्यूरिया (वेटिकन नौकरशाही) में सुधार लाने, वेटिकन बैंक में भ्रष्टाचार को समाप्त करने और चर्च में बाल यौन शोषण रोकने के संकल्प के कारण खासा पसंद करते थे। पोप बनने के चार साल बाद हुए सर्वेक्षणों से पता चला कि पोप की लोकप्रियता कैथोलिक और अन्य धर्मों के बीच बहुत ज्यादा है। सोशल मीडिया एक्स पर उन्हें डेढ़ करोड़ से भी ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। कई मुद्दों पर सीधा दखल न देने के कारण वेटिकन के अंदर और बाहर उनके विरोधियों की संख्या भी काफी रही।आप माने या न मानें किन्तु मुझे पोप फ्रांसिस हमेशा गांधीवादी लगे । उनका जीवन सादा और उच्च विचारों का था। एक बार की बात है कि पोप फ्रांसिस वेटिकन लौटते समय इतालवी राजधानी के मध्य में पादरी वर्ग के लिए बने एक होटल में रुके । ये होटल पोप के लिए निशुल्क था किन्तु उन्होंने अपना बिल चुकाने पर जोर दिया, इससे उनकी शैली की छाप पोप पद पर तुरंत पड़ गई। पोप ने उस विशाल पेंटहाउस अपार्टमेंट को त्याग दिया, जिसे पोप कई शताब्दियों से इस्तेमाल कर रहे थे। वह वेटिकन गेस्टहाउस के एक छोटे से सुइट में रहने लगे। पोप फ्रांसिस ने पोप के ग्रीष्मकालीन निवास कासल गंडोल्फो को भी त्याग दिया था।पोप फ्रांसिस मुझे इसलिए भी आकर्षित करते रहे क्योंकि वे कोरे धार्मिक भाषणों तक ही सीमित नहीं रहे । उन्होंने सामाजिक सरोकारों को भी रेखांकित किया।

# ठाणे में 12 वर्षीय बच्चे की हत्या का मामला, 2 आरोपियों को हाईकोर्ट ने दी जमानत

**अदालत ने फैसला सुनाया कि अभियोजन पक्ष अपराध में दो आरोपियों की प्रत्यक्ष संलिप्तता को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश करने में विफल रहा है। यह मामला ठाणे जिले के कुलगांव गांव के एक युवा लड़के इबाद बुबेरे की मौत के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसका 24 मार्च 2024 को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बॉम्बे हाई कोर्ट ने ठाणे के दो लोगों को जमानत दे दी है, जिन पर अपने दोस्त की मदद करके 12 साल के एक लड़के का अपहरण करने और उसकी हत्या करने का आरोप था, जो उसे 'नपुंसक' कहता था। हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान, अदालत ने फैसला सुनाया कि अभियोजन पक्ष अपराध में दो आरोपियों की प्रत्यक्ष संलिप्तता को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश करने में विफल रहा है। यह मामला ठाणे जिले के कुलगांव गांव के एक युवा लड़के इबाद बुबेरे की मौत के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसका 24 मार्च 2024 को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। पीड़ित के पड़ोसी सलमान मौलवी, सफुआन मौलवी और अब्दुल मौलवी, जिनकी उम्र बीस साल के आसपास है, को अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, तीनों ने इबाद की हत्या की साजिश रची, क्योंकि उसने कथित तौर पर सफुआन के बारे में यौन रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद लड़के का अपहरण कर लिया गया, उसका मुंह बंद कर दिया गया और गला घोंट दिया गया। बाद में उसके शव को उसके ही घर के पीछे फेंक दिया गया। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी महीनों से अपराध की योजना बना रहे थे और उन्होंने पीड़ित के माता-पिता को फिरौती के लिए कॉल करने के लिए नकली सिम कार्ड हासिल किए थे।

# महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री शिंदे श्रीनगर रवाना, जम्मू-कश्मीर में फंसे पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए उठाया कदम

**मंगलवार दोपहर पहलगाम के बैसरन इलाके में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों के एक समूह पर हमला किए जाने के बाद महाराष्ट्र के छह लोगों सहित 26 नागरिक मारे गए। माना जा रहा है कि आतंकवादियों की संख्या चार थी। महाराष्ट्र के छह पर्यटकों में से चार के शवों को मुंबई और दो के शवों को पुणे ले जाए जाने की उम्मीद है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई ,पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आज शाम श्रीनगर पहुंचेंगे। इस हमले में 26 नागरिक मारे गए थे और कई घायल हुए थे। एकनाथ शिंदे शाम 7:30 बजे मुंबई से श्रीनगर के लिए रवाना होंगे। प्रवक्ता ने कहा कि उनकी यात्रा जम्मू-कश्मीर में सभी पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए महाराष्ट्र सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। मंगलवार दोपहर पहलगाम के बैसरन इलाके में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों के एक समूह पर हमला किए जाने के बाद महाराष्ट्र के छह लोगों सहित 26 नागरिक मारे गए। माना जा रहा है कि आतंकवादियों की संख्या चार थी। महाराष्ट्र के छह पर्यटकों में से चार के शवों को मुंबई और दो के शवों को पुणे ले जाए जाने की उम्मीद है।जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यालय से जारी बयान के अनुसार, मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में महाराष्ट्र के पांच पर्यटक मारे गए। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे और कम से कम 12 अन्य घायल हो गए। आतंकवादियों ने मंगलवार दोपहर कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट एक लोकप्रिय मैदान पर गोलीबारी की। एकनाथ शिंदे ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से महाराष्ट्र में फंसे पर्यटकों को निकालने के लिए विशेष उड़ान की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। नायडू ने शिंदे को आश्वासन दिया कि फंसे हुए लोगों की सूची उपलब्ध होने के बाद, उन्हें मुंबई पहुंचाने को प्राथमिकता देने का प्रयास किया जाएगा।

बयान में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए हमले में महाराष्ट्र के पांच पर्यटकों की जान चली गई। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें राज्य में वापस लाने की व्यवस्था के संबंध में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से फोन पर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिंदे ने नायडू से जम्मू-कश्मीर में फंसे महाराष्ट्र के पर्यटकों को वापस लाने के लिए विशेष उड़ान की व्यवस्था करने का अनुरोध किया।

फास्ट ट्रैक

## मध्य रेल द्वारा लोकमान्य तिलक टर्मिनस -सुल्तानपुर के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाई जाएगी।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अपनी नियमित ट्रेनों के अलावा 1264 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है और अब एलटीटी मुंबई एवं सुल्तानपुर बीच यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए 16 अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाई जाएगी।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई - सुल्तानपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई (साप्ताहिक) विशेष

04211 स्पेशल 06.05.2025 से 24.06.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को 16.35 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होगी और अगले दिन 23:00 बजे सुल्तानपुर पहुंचेगी (08 सेवाएं)

04212 स्पेशल दिनांक 05.05.2025 से 23.06.2025 तक प्रत्येक सोमवार को सुल्तानपुर से 04:00 बजे रवाना होगीऔर अगले दिन 14:00 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। (08 सेवाएँ)

ठहरावः- ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी जंक्शन, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल और लखनऊ।

संरचना: 15 जनरल स्लीपर कोच, 3 जनरल कोच, 2 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन।

आरक्षण: विशेष ट्रेन संख्या 04211 के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग 25.04.2025 को सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.inपर खुलेगी।

विस्तृत समय और ठहराव के लिए कृपया www. enquiry. indianrail.gov.inपर जाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

## पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनों के ठहराव/समय में परिवर्तन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार से चलने वाली कुछ ट्रेनों के ठहराव/समय में परिवर्तन किया गया है। इन ट्रेनों का विवरण नीचे दिया गया है:1. ट्रेन संख्या 09075/09076 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम स्पेशल के ठहराव में परिवर्तनट्रेन संख्या 09075/09076 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम स्पेशल के ठहराव में परिवर्तन तत्काल प्रभाव से उधना से सूरत स्टेशन पर कर दिया गया है। ट्रेन संख्या 09075 मुंबई सेंट्रल- काठगोदाम स्पेशल का आगमन/प्रस्थान अब सूरत से 14:33/14:38 बजे होगा। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09076 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल स्पेशल का आगमन/प्रस्थान अब सूरत से 16:40/16:45 बजे होगा।2. 1 मई, 2025 से ट्रेन संख्या 09036 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल के समय में परिवर्तन ट्रेन संख्या 09036 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल का समय परिवर्तित कर दिया गया है। अब इस ट्रेन का सूरत स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 05:15/05:20 बजे के बजाय 05:12/05:15 बजे होगा।3. 24 अप्रैल, 2025 से ट्रेन संख्या 07718 हिसार-काचीगुडा स्पेशल के समय में परिवर्तनट्रेन संख्या 07718 हिसार-काचीगुडा स्पेशल का समय उधना और नंदुरबार स्टेशनों पर परिवर्तित कर दिया गया है। इस ट्रेन का उधना स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 23:30/23:35 बजे के बजाय 22:30/22:35 बजे होगा। इसी प्रकार, इस ट्रेन का नंदुरबार स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 02:45/02:55 बजे के बजाय 02:15/02:25 बजे होगा।

# महाराष्ट्र चुनाव कोई गड़बड़ी नहीं... राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान के बाद चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े

- महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव गड़बड़ी नहीं
- भारत निर्वाचन आयोग का दिया स्पष्टीकरण
- आयोग ने कहा, कानूनी प्रावधानों से चुनाव



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद मतदाता सूची और मतदान प्रक्रिया को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर भारतीय चुनाव आयोग ने जवाब दिया है। आयोग के स्पष्टीकरण के अनुसार, चुनाव प्रक्रिया में कोई त्रुटि नहीं थी और चुनाव सभी कानूनी प्रावधानों के अनुसार आयोजित किए गए थे। चुनाव आयोग ने यह सफाई ऐसे वक्त पर जारी की है जब लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने अपने विदेश दौरे में महाराष्ट्र चुनावों में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने इससे पहले दिल्ली में एमवीए के घटक दलों के नेताओं के साथ भी एक प्रेस कांफ्रेंस की थी।आयोग के अनुसार महाराष्ट्र में 6 करोड़ 40 लाख 87 हजार 588 मतदाताओं ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच हर घंटे औसतन 58 लाख मतदाता वोट डालते हैं। हालांकि, आयोग ने स्पष्ट किया कि यह ध्यान देने वाली बात है कि अंतिम दो घंटों में केवल 65 लाख मतदाताओं ने ही मतदान किया, जबकि अपेक्षित 116 लाख मतदाताओं ने मतदान किया था, लेकिन इससे किसी गड़बड़ी का निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। संबंधित स्टोरीजआयोग को नहीं मिली शिकायतआयोग के अनुसार प्रत्येक मतदान केन्द्र पर उम्मीदवारों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई। मतदान के बाद कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर या पर्यवेक्षकों के समक्ष आधिकारिक रूप से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मतदाता सूची के बारे में आयोग ने कहा कि इसे जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के अनुसार तैयार किया जाता है। प्रतिवर्ष एक विशेष संक्षिप्त समीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है और अंतिम सूची सभी दलों को उपलब्ध करा दी जाती है। केवल 90 अपीलें दायर हुईंइसके अलावा अंतिम सूची जारी होने के बाद केवल 90 अपीलें दायर की गईं, जो कुल मतदाताओं की तुलना में बहुत कम है। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस की ओर से भी कोई बड़ी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मतदान प्रक्रिया के दौरान सभी दलों द्वारा एक लाख से अधिक मतदान केन्द्रों पर 97,325 मतदान केन्द्र स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) और 1,03,727 मतदान केन्द्र स्तरीय प्रतिनिधि (बीएलए) नियुक्त किए गए।

# जरूर कुछ अच्छे कर्म किए होंगे कि जिंदा हूं , पहलगाम हमले में बची जलगांव की महिला की आंखों देखी

- नेहा वाघुलाडे पहलगाम आतंकी हमले में बाल-बाल बचीं
- गोलीबारी के दौरान नेहा ने अपने पति को स्थिति बताई
- सेना ने पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के जलगांव शहर में आकाशवाणी में बतौर अंशकालिक उद्घोषक के रूप में काम करने वाली नेहा उर्फ किशोरी वाघुलाडे पहलगाम आतंकी हमले में बाल-बाल बच गईं। उनका कहना है कि उन्होंने जीवन में जरूर कुछ अच्छे कर्म किए होंगे, जिसकी बदौलत वह आज सुरक्षित हैं। नेहा वाघुलाडे भी छुट्टियां मनाने निकले लोगों के एक समूह के साथ पहलगाम गई थीं और मंगलवार अपराह्न को वह भी वहां बैसरन घास के मैदान की प्राकृतिक सुंदरता को निहार रही थीं। घास का यह मैदान एक प्रमुख पर्यटक स्थल है।हवा में गूंजने लगीं गोलियों की आवाजेंउनके वहां मौजूद रहने के दौरान हवा में गोलियों की आवाजें गूंजने लगीं और पहलगाम के ऊपरी इलाकों में घास के मैदान जल्द ही नरसंहार स्थल के रूप में बदल गए, जहां आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। मारे गए लोगों में अधिकतर पर्यटक थे। इस हमले में बचने के बाद नेहा ने अपने पति से कहा कि मैंने जीवन में जरूर कुछ अच्छे कर्म किए होंगे, तभी मैं अभी जीवित हूं।पति ने फोन पर सुनी गोलीबारीजलगांव से उनके पति तुषार वाघुलाडे ने बताया कि उनकी पत्नी 15 अप्रैल को अपने दोस्तों के साथ कश्मीर गयी थीं। उन्होंने कहा कि घूमने गया समूह पहलगाम में था और काम में व्यस्त होने के कारण मैं दो दिनों से उनसे संपर्क में नहीं था। मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे जब मैंने उसे फोन किया तो उसने बताया कि गोलीबारी हो रही है और आतंकवादियों की ओर से हमला किया जा रहा है। उसने मुझे बताया कि वह सुरक्षित है और बाद में मुझसे संपर्क करेगी।

मुझे बताया कि वह ठीक हैतुषार ने कहा कि वह घबराई हुई लग रही थी और फिर उसने फोन काट दिया, जिससे मैं समझ गया कि मामला कितना गंभीर था। तुषार वाघुलाडे ने बताया कि शाम साढ़े सात से आठ बजे के बीच उसने मुझे बताया कि वह ठीक है। उसने एंबुलेंस के बारे में बताया और कहा कि और अधिक सुरक्षाकर्मी आ रहे हैं। उसने कहा कि कुछ पर्यटकों की मौत हो गई है, लेकिन उसका समूह सुरक्षित है।सेना ने तेजी से कार्रवाई कीतुषार ने कहा कि सेना ने तेजी से कार्रवाई की और उन्होंने पहले पर्यटकों को वाहनों और एंबुलेंसों में छिपाया, जिसके बाद सभी को हमले वाली जगह से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। कई पर्यटकों ने वहीं रात बिताई।

## किसान के खेत में रखे चारे को लगाई आग

नोएडा, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है। मुतैना गांव में एक किसान के खेत में रखे पशुओं के चारे को आग लगा दी गई।

# डा पारसनाथ तिवारी महाराष्ट्र रत्न पुरस्कार से सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव व हिंदीभाषी प्रकोष्ठ के महाराष्ट्र राज्य प्रमुख डाङ्ख पारसनाथ तिवारी के सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक सांस्कृतिक व राजनैतिक क्षेत्र में उत्तम कार्य के लिये रेडियंट टैलेंट बुक ऑफ रेकाड्र्स एंड ज्ञान उदय फाउंडेशन संस्था ने उन्हें पुणे के आचार्य अत्रे रंग मंदिर हाल में इक्कीसवा अखिल भारतीय प्रतिभा प्रेरणा सम्मेलन समारोह में भारत के पहले पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता पद्मश्री डा कमलकांत पेटकर के हाथों ₹महाराष्ट्र रत्न पुरस्कार -2025 प्रदान किया गया । संस्था के संस्थापक व प्रधान संपादक डा क्रांति महाजन, पुणे महाराष्ट्र निदेशक, आरटीबीआर डा सुनील साल्वे व पंजाब निदेशक तथा राष्ट्रीय परीक्षक गुरुतेज सिंह ब्रार ने कहा कि महोदय आपको इस अभिलेखस्वरूप राष्ट्रीय अलंकरण से समारोहपूर्वक सम्मानित किया जाता हैं आपको यह सम्मान प्रदान करते हुये हमारी प्रतिभा,-प्रेरणा परम्परा स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है। आपने सत्यनिष्ठा, कर्तब्य परायणता, कर्मठता, दृढ़-संकल्प, समर्पण आदि गुणों को जीवन का अंग बनाकर राष्ट्र की प्रगति एवं समाज निर्माण के कर्णधार के रूप में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रस्तुत माध्यम से आपके राष्ट्रगौरव व्यक्तित्व का महिमामंडन करते हुये हम आपके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हैं। समारोह में सम्मेलनाध्यक्ष सूबेदार श्री कुणालजी मालुसरे श्री संतोषभाऊ बारणे,मुख्य अतिथि डा संदीप जगताप क्रीड़ा संचालक डा बाबासाहब अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, मिस डिंकल शुक्ला (खादी ग्रामोद्योग वाराणसी ], डा रुपाली वशिष्ठ सहित कई क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया।

## सोलापुर मंडल के टीटीआई आदित्य गिरम को महाराष्ट्र का सर्वोच्च खेल सम्मान मिला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल के सोलापुर मंडल के ट्रैवलिंग टिकट इंस्पेक्टर (टीटीआई) श्री आदित्य गिरम को गोताखोरी (जल क्रीड़ा) के खेल में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र के सर्वोच्च खेल सम्मान, प्रतिष्ठित शिव छत्रपति क्रीड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।यह पुरस्कार शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बालेवाड़ी, पुणे में आयोजित शिव छत्रपति राज्य खेल पुरस्कार समारोह के दौरान महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा प्रदान किया गया। इस सम्मान में प्रतिष्ठित शिव छत्रपति हेडगियर से सुसज्जित एक स्मृति चिन्ह और ?3 लाख का नकद पुरस्कार शामिल है।श्री आदित्य गिरम ने लगातार अपने खेल में उत्कृष्टता और समर्पण का प्रदर्शन किया है, लगातार आठ वर्षों तक अखिल भारतीय रेल पदक विजेता रहे हैं और मध्य रेल और भारतीय रेल दोनों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित किए हैं। सिंगापुर में FINA ग्रैंड प्रिक्स 2019 में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर उनकी उपलब्धियों को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली। सोलापुर के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) डॉ. सुजीत मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) श्री योगेश पाटिल और सोलापुर मंडल के खेल अधिकारी श्री आदित्य त्रिपाठी ने श्री आदित्य गिरम को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके भविष्य के सभी प्रयासों में और भी अधिक सफलता की कामना की है। आदित्य की अटूट प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट प्रदर्शन सोलापुर मंडल और मध्य रेल को सम्मान दिलाता रहेगा।

## धर्म पूछकर पर्यटकों को मारा...पहलगाम हमले के विरोध में शिवसेना ने जलाए पाकिस्तान के झंडे, क्या बोले संजय निरुपम?

मुंबईः जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में पर्यटकों को धर्म के आधार पर निशाना बनाए जाने के बाद देश भर में आक्रोश है। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पहलगाम में निहत्थे लोगों पर गोलियां बरसाने वाले आतंकवादियों को घर में पाकिस्तान में घुसकर मार देना चाहिए।

## सहरसा से मुंबई तक 24 अप्रैल को चलेगी तीसरी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की स्पेशल सेवा

### पश्चिम मध्य रेलवे के सतना, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर रहेगा ठहराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर ।गुरुवार, 24 अप्रैल 2025 को सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी), मुंबई के बीच देश की तीसरी ₹अमृत भारत ट्रेन₹ की स्पेशल सेवा चलाई जा रही है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के सतना, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्रीय यात्रियों को भी अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए चलाई जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस देश की तीसरी अमृत भारत एक्सप्रेस है। पहले दो अमृत भारतीय एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन दरभंगा से आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू के बीच में किया जा रहा है। इस अमृत भारत एक्सप्रेस को 130 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इस आधुनिक ट्रेन का निर्माण मेड इन इंडिया अभियान के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री, श्री पेरम्बूर, चेन्नई में किया गया है। ट्रेन में पुश एंड पुल टेक्नोलॉजी है जिससे गाड़ी को दोनों दिशाओं में चलाया जा सकता है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**सहायक आयुक्त कार्यालय H/W वार्ड, द्वितीय हसनाबाद लेन, खार (पश्चिम), मुंबई- 400 052.**

No. HW/S/021/MOH. dt. 23/04/25

**कोटेशन सूचना**

एच/पश्चिम वार्ड में डिस्पेंसरी, कब्रिस्तान और एमओएच विभाग में बहुउद्देशीय जनशक्ति की आपूर्ति के लिए ठेकेदार की नियुक्ति के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं।

नियम व शर्तों के साथ खाली कोटेशन फॉर्म एम.ओ.एच. विभाग से उपरोक्त पते पर 24-04-2025 से 25-04-2025 तक सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक रु. 3300 + 18% जीएसटी के भुगतान पर खरीदा जा सकता है।

उपरोक्त सेवाओं के लिए ईएमडी रु.25000/- (केवल बीस हजार रुपये) है। ईएमडी का भुगतान 25-04-2025 को या उससे पहले नकद में किया जाना है।

कोटेशन 25.04.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे और उसी दिन दोपहर 3.00 बजे खोले जाएंगे।

सहायक आयुक्त, एच/पश्चिम को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी कोटेशन को बदलने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ताक्षर

पीआरओ/199/विज्ञा0/2025-26

चिकित्सा अधिकारी
स्वास्थ्य एच/पश्चिम वार्ड

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं

**मध्य रेल**
**भुसावल मण्डल**
**ई-निविदा आमंत्रन सूचना**
**ई निविदा सूचना संख्या**
**BSL-L-W-T-22-2025**

**1) कार्य का विवरण:** भाग ए-उपचारित जल के भंडारण के लिए जल पुनर्चक्रण संयंत्र मनमाड में 2.25 लाख लीटर क्षमता के आरसीसी ओवरहेड टैंक के प्रावधान के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। भाग बी - केंद्रीय इंजीनियरिंग कार्यशाला मनमाड में ब्रिज गर्डर्स की वेल्डिंग में उत्कृष्टता केंद्र के विकास के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। **2) अनुमानित लागत:** रु. 29,03,001 **3) ऑनलाईन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक और समय:** 14/05/2025 को 15.00 बजे, **4) वेबसाईट विवरण: https://www.ireps.gov.in**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**सोलापुर मण्डल**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा क्रं.:-** सोला/वि/नि/2024/01R1. **कार्य का नामः-** सोलापुर मंडल के विभिन्न सेवा भवनों में 450 किलोवाट रूफटॉप सौर प्रणाली के प्रावधान के संबंध में कार्य का विद्युत सामान्य सेवा भाग। (पुनर्निमंत्रण) **कार्य की लागतः** रू. 2,18,87,086.57/- **बोली प्रतिभूतिः-** रू 2,59,400/- **कार्य पूरा करने की अवधि** - 06 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधताः-** 60 दिन वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समयः- दि. 16/05/2025 को 15.00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर करना है ।

ANJ-46

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**सोलापुर मण्डल**
**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदाये आंमत्रित करते है. **निविदा क्र.:** 09-2025-SrDENS **कार्य का नाम** : Provisional of Holding area with all passenger amenities & other works for crowd management at PVR Station. (Part-01) **अनुमानित लागत रु.:** Rs. 4,99,10,594.92 **बयानाराशिः** Rs. 3,99,600.00 **समापन की अवधीः** 06 Months **रख रखाव की अवधीः** 12 Months. **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समयः** 13.05.2025 को 15.00 बजे तक **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समयः** 13.05.2025 को 15.30 बजे। • **निविदाकारों से निवेदन हैं की कोइ बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।**

ANJ-45

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे-भावनगर मण्डल**

**आईसीएफ और एलएचबी कोचों की पेंटिंग और स्टेंसिलिंग का कार्य**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, उप-मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारख़ाना, भावनगर परा वर्कशॉप, पश्चिम रेल्वे की ओर से निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सं.: BVPW-2025-26-Paint-01; कार्य का नामः** भावनगर वर्कशॉप में 2 वर्षों तक कार्य के दायरे के अनुसार आईसीएफ और एलएचबी कोचों की पेंटिंग और स्टेंसिलिंग का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹6,22,04,478.46/-; **बयाना राशिः** ₹ 4,61,000/-; **निविदा दस्तावेज़ शुल्क:** ₹ 0.00/-; **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन; **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की दिनांक से 24 महीने; **निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समय:** 13/05/2025, 15:00 Hrs; **निविदा खोलने की दिनांक व समय:** 13/05/2025, 15:30 Hrs; **जारीकर्ता:** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, मुख्य कारख़ाना प्रबंधक कार्यालय, सवारी डिब्बा मरम्मत कारख़ाना, भावनगर परा, भावनगर - 364003, पश्चिम रेलवे, **ई-मेल: dycmews@bvp.railnet.gov.in; महत्वपूर्ण लेख:** निविदा केवल इलेक्ट्रॉनिक रुप से **https://www.ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी और इस ई-निविदा के खिलाफ कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और कार्यालय में प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा किया जाएगा और खोला नहीं जाएगा।

011

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
**शुद्धिपत्र -1**

ई-निविदा सं.: बीबी.ईल.जीएसयू.ओएचई.2025-26/02 दिनांक: 08.04.2025 के 'मध्य रेल के मुंबई मण्डल में कल्यान-कर्जत सेक्शन मे मौजूदा अनियमित 25 केवी, एसी ओएचई को नियमित ओएचई मे परिवर्तन से संबंधित उपकरणों के आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य' में निम्नानुसार संशोधित करना होगा. **मौजुदा विवरण:- निविदा मूल्य-** ₹ 47.46 करोड़ **संशोधित:- निविदा मूल्य-** ₹ 33.78 करोड़ **मौजुदा विवरण:- बोली प्रतिभूति -** ₹ 25,23,000/- **संशोधित:- बोली प्रतिभूति -** ₹ 18,39,100/- **मौजुदा विवरण:- निविदा खुलने की तिथि -** 23.05.2025 **संशोधित:- निविदा खुलने की तिथि -** 30.05.2025 अन्य सभी नियम एवं शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी।

54

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**सोलापुर मण्डल**
**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदाये आंमत्रित करते है. **निविदा क्र.:** 07-2025-SrDENS **कार्य का नाम** : A-1.Provision of Butterfly Shed for pointsman, train crew and Weatherproof shed for station master infront of station building over Solapur division. 2.Provision of concrete dustbin at 52 Nos of station over Solapur division. **अनुमानित लागत रु.:** Rs. 2,27,36,590.65 **बयाना रक्कमः** Rs. 2,63,700.00 **समापन की अवधीः** 09 Months **अनुरक्षण की अवधीः** 12 Months. **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समयः** 09/05/2025 को 15.00 बजे तक **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समयः** 09/05/2025 को 15.30 बजे। • **निविदाकारों से निवेदन हैं की कोइ बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।**

ANJ-44

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कार्य**

निविदा सूचना क्र. डीआर.एन.सी.एसएंडटी. टेंडर.2025.02 दिनांकः 21.04.2025. **कार्य का नाम उस के स्थान के साथः** मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में कल्याण कसारा तीसरी लाइन के कार्य के संबंध में उम्बरमाली स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के लिए इनडोर सिग्नलिंग उपकरण कर आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और कसारा स्टेशन पर मौजूदा आरआरआई में परिवर्तन। **कार्य की औसत लागतः** ₹3,73,70,423.33/- **जमा की जाने वाली बयाना रकमः** ₹3,36,900.00/- **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 14.05.2025 को 15.00 बजे. **निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** 14.05.2025 को 15.30 बजे. **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड जहाँ से पूर्ण विवरण आदि देखे जा सकते हैः** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और "उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), तिलक पुल के पास, मध्य रेल, दादर, मुंबई-400028" का कार्यालय. संशोधन (यदि हुआ) केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा।

53

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## मनपा मुख्यालय में जनता दरबार लगाने के लिए जगह उपलब्ध कराने की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने मनपा आयुक्त सौरभ राव को पत्र लिखकर मांग की है कि भाजपा ठाणे शहर जिला के पदाधिकारियों और पूर्व नगर सेवकों को ठाणे मनपा क्षेत्र में नागरिकों की शिकायतों के निवारण के लिए सप्ताह में एक दिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक मनपा मुख्यालय में स्थान उपलब्ध कराया जाए। नगर सेवकों का कार्यकाल समाप्त हुए करीब ढाई साल बीत चुके हैं। ठाणे शहर के नागरिकों को मनपा के बारे में विभिन्न शिकायतें मिलती हैं, जिनमें अपर्याप्त जल आपूर्ति, अत्यधिक कराधान, सीवेज निपटान, सफाई आदि शामिल हैं। शहर के हजारों नागरिक पूर्व भाजपा नगरसेवकों के संपर्क में हैं। मनपा को उनकी शिकायतों का तत्काल समाधान करना चाहिए। वर्तमान में, पूर्व नगर सेवकों द्वारा अधिकारियों के साथ पत्राचार और टेलीफोन पर बातचीत के माध्यम से मुद्दों का समाधान किया जाता है। संजय वाघुले ने कहा कि मनपा मुख्यालय में जनता दरबार आयोजित करने से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा।चूंकि मनपा एक प्रशासनिक संस्था है, इसलिए राजनीतिक कार्यकताओं और प्रशासन के बीच समन्वय की आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए, पूर्व भाजपा नगर सेवकों और पदाधिकारियों के लिए मनपा मुख्यालय में नागरिकों की शिकायतों के समाधान और मनपा के साथ अनुवर्ती कार्रवाई के लिए सप्ताह में एक दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच स्थान उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जिला अध्यक्ष वाघुले ने इस पत्र में कहा है कि ठाणे शहर के नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा और इससे नागरिकों को राहत मिलेगी।

# पहलगाम में हुए पर्यटकों पर आतंकवादी हमले के विरोध में शिवसेना ने अंबरनाथ में किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

**पहलगाम में हुए पर्यटकों पर आतंकवादी हमले के विरोध में शिवसेना ने अंबरनाथ में किया जोरदार विरोध प्रदर्शन ।**

- **इस हमले में 27 पर्यटकों की जान चली गई जिसमें 3 डोंबिवली के भी थे।**
- **हथियार म्यूजियम में रखने को नहीं होते, हमें दो हम आतंकियों को पाकिस्तान में घुस कर मारेंगे – विकास सोमेश्वर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अंबरनाथ.जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल में मंगलवार दोपहर 3 बजे के आसपास पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन द्वारा सुरक्षा कर्मियों के भेष में आकार निर्दोष पर्यटकों खासकर हिंदुओं को नाम पूछ पूछ कर जो गोलियों का निशाना बनाया गया जिसमें 27 निदोर्षों की जान चली गई उसमें डोंबिवली के भी तीन लोग हेमंत जोशी,संजय लेले और अतुल मोने भी शामिल थे। इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में शिवसेना अंबरनाथ शहर इकाई ने युवासेना शहर प्रमुख विकास सोमेश्वर, राहुल सोमेश्वर के नेतृत्व में शिवसेना नेताओं ने अंबरनाथ पूर्व के शिवाजी चौक परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन दर्ज किया। विकास सोमेश्वर ने इस अवसर पर पहलगाम में शहीद हुए सभी पर्यटकों को पार्टी की तरफ से भावभीनी श्रृद्धांजलि पेश करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने जात पूछकर नहीं धर्म पूछकर घटना को अंजाम दिया है। हिंदुस्तान में हिंदू ही सुरक्षित नहीं है तो हिंदू राष्ट्र कैसे संभव है। देश की जनता ने हिंदू राष्ट्र पर ही भाजपा को सत्ता में बैठाया है। हम चाहते है कि प्रत्येक भारतीय को हथियार हाथों में दिया जाए तो हम पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में घुस कर ऐसे आतंकियों का नाश करेंगे। हथियार सिर्फ म्यूजियम में रखने को नहीं होते उनका सही जगह इस्तेमाल भी होना चाहिए। विकास सोमेश्वर ने इन शब्दों के जरिए अपना रोष व्यक्त किया।

उनके साथ इस जाहिर निषेध में युवा शिवसैनिक राहुल सोमेश्वर, उपशहर प्रमुख महेश वाल्मीकि, उपशहर प्रमुख ख्वाजा युनुस चौधरी, उपशहर प्रमुख स्वप्निल उमेश गुंजाल, रोहित चलवादी, महिला आघाड़ी से संवाद फाउंडेशन प्रमुख सुवर्णा सालुंके, अनीता लोटे, मालती पवार, सुषमा रसाल, युवती सेना अध्यक्ष ऐश्वर्या मोटे आदि और काफी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।

## फास्ट ट्रैक

## होमगार्ड की अस्पताल में मौत

**डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप, ड्यूटी के बाद बिगड़ी थी तबियत**

शाहजहांपुर, एक होमगार्ड की निजी अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरसी मिशन थाने में तैनात 56 वर्षीय होमगार्ड अशोक कुमार रात्रि ड्यूटी से घर लौटे थे। घर पहुंचने के बाद उनकी तबियत अचानक बिगड़ गई। उन्होंने अपने बेटे विपुल से अस्पताल ले जाने की बात कही।



विपुल उन्हें सदर बाजार क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टर ने अशोक को इंजेक्शन दिया। इंजेक्शन लगने के कुछ समय बाद ही उनकी मृत्यु हो गई। बेटे विपुल का आरोप है कि गलत इंजेक्शन दिए जाने से उनके पिता की मौत हुई। विपुल उस समय अस्पताल में अकेले थे। वह पिता का शव घर ले आए और फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

## तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल को मारी टक्कर

**शाहजहांपुर में बुजुर्ग की मौत, सब्जी लेकर लौट रहे थे घर**

शाहजहांपुर, एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। थाना बंडा क्षेत्र के शिंघापुर पनई गांव निवासी राजकुमार मंगलवार को साइकिल से बाजार गए थे। मोहद्दीनपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।



स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल बुजुर्ग को सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पहलगाम हमले को लेकर आक्रोश

**वकीलों और व्यापारियों ने की पाक में सर्जिकल स्ट्राइक की मांग**

शाहजहांपुर, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में अधिवक्ताओं और व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता राजेश अवस्थी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पहले धर्म की पहचान की। फिर लोगों को नंगा करके उनकी हत्या की। यह जेहादी मानसिकता का परिचय है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इजराइल की तरह सर्जिकल स्ट्राइक की मांग की है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# आतंकी घटना के विरोध में आतंकवादियों के पुतले को दी गई फांसी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में राष्ट्रवादी विद्यार्थी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मर्जिया शानू पठान के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस बार प्रदर्शनकारियों ने आतंकवादियों की प्रतीकात्मक पुतले को फांसी पर लटका दिया।कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में महाराष्ट्र के 6 लोगों सहित लगभग 26 लोग मारे गए। इस घटना के विरोध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार पार्टी और एमएसपी केयर फाउंडेशन द्वारा मुंब्रा-अमृतनगर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने आतंकवादियों की निंदा करते हुए नारे लगाए। इसके अलावा आतंकवादियों की प्रतीकात्मक पुतले को फांसी पर लटका दिया गया। इस अवसर पर मर्जिया पठान ने कहा कि आज भारत का कोई भी नागरिक सुरक्षित नहीं है, यहाँ मौत सस्ती हो गई है। आज आप अपनी छुट्टियों का आनंद लेने के लिए यात्रा पर नहीं जा सकते। यह एक त्रासदी है और सुरक्षा प्रणाली की विफलता के कारण ऐसा हुआ है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि आतंकवादी हमलों में हिंदू और मुस्लिम समेत अन्य धर्मों के लोग भी मारे गए हैं। फिर भी यह बहुत दुःख की बात है कि अपराधी को खोजने के बजाय धर्म की तलाश की जा रही है। ठीक उसी तरह जैसे हिंदू धर्म भीड़तंत्र को स्वीकार नहीं करता। इसी तरह इस्लाम भी किसी की जान लेने की इजाजत नहीं देता। इस हमले के बाद आज सत्ताधारी पार्टी जिस तरह से बयान दे रही है। इसे देखकर ऐसा लगता है कि सत्ताधारी देश भर में दंगे भड़काना चाहते हैं। हम इसकी निंदा करते हैं, लेकिन इस हमले के पीछे जो भी है उन्हें भी फांसी दी जानी चाहिए।

## दो सगी बहनें लापता

**17 और 19 साल की इंटरमीडिएट छात्राएं घर से गायब, अपहरण की आशंका**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, बछरावां में दो सगी बहनों के लापता होने का मामला सामने आया है। राजेश कुमार गिरी की दोनों बेटियां घर से गायब हो गईं। 17 वर्षीय अनामिका और 19 वर्षीय आराधना दोनों इंटरमीडिएट की छात्राएं हैं। दोनों बहनों के एक साथ गायब होने की खबर से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों ने तुरंत आस-पास के इलाकों में खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारों और पड़ोसियों से भी पूछताछ की गई। अगली सुबह परिजनों ने बछरावां थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने दोनों लड़कियों का अपहरण किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम हसनपुर के निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्हें अपनी बेटियों की सुरक्षा की चिंता है। परिजनों की जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि दोनों बच्चियों रात में खाना खाने के बाद बाहर टहलने के लिए निकली हुई थी

## उल्हास नदी में बिना प्रसंस्करण किए मलमूत्र डंप करने वालों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर करना आवश्यक :एडवोकेट ज्ञानेश्वर देशमुख

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर.उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर, कल्याण और डोंबिवली में भवनों और निर्माण परियोजनाओं में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) स्थापित करना अनिवार्य है। यह एक ऐसी प्रक्रिया होती है जिसमें घरों और आयोद्योगिक कल कारखानों से निकलने वाले गंदे पानी को साफ किया जाता है ताकि उसे नदियों में छोड़ा जा सके या उसे दुबारा उपयोग में लाया जा सके।2000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले नए अपार्टमेंट और 20 या अधिक इकाइयों के लिए और 50 या अधिक इकाइयों (या 5000 वर्ग मीटर) वाले पुराने अपार्टमेंट के लिए एसटीपी प्रक्रिया अनिवार्य है।

यह देखना महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का काम है कि अंबरनाथ,उल्हासनगर आदि जगहों पर नदी किनारे कौनसी इमारतों, होटलों, रिसॉट्र्स आदि में जहां बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग किया जाता है, जिससे जल निकासी होती है। एसटीपी प्रक्रिया इनमें से कितने प्रोजेक्टों में काम कर रही है। देखा गया है कि बदलापुर, अंबरनाथ, रायटे, वराप और म्हाराल में, सैकड़ों बिल्डरों और डेवलपर्स ने नदी के किनारे इमारतों, आवासीय परिसरों, रिसॉर्ट होटलों का निर्माण किया है लेकिन कई स्थानों पर सीवेज उपचार संयंत्र की सुविधा नहीं दी गई है।

एडवोकेट ज्ञानेश्वर देशमुख का कहना है कि जल प्रदूषण के मामले में बिल्डरों, भवन परिसरों, रिसॉट्र्स, होटल मालिकों और सोसायटी सदस्य निवासियों के खिलाफ एमपीसीबी कार्यालय में शिकायत दर्ज की जानी चाहिए और उनसे जुमार्ना वसूला जाना चाहिए। बिल्डरों और इस क्षेत्र में कार्य करने वालों को जरूरी है कि एसटीपी की उचित योजना बनाई जाए।

# एक्टर सौरभ दुबे पहुंचे शाहजहांपुर

- **सनातन पर बन रही फिल्म श्री में निभा रहे संत का किरदार, 35 साल का है फिल्मी सफर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, सनातन धर्म पर आधारित फिल्म श्री की शूटिंग चल रही है। तेरे नाम, एनिमल और भूल भुलैया जैसी हिट फिल्मों में काम कर चुके बॉलीवुड अभिनेता सौरभ दुबे इस फिल्म में एक संत की भूमिका निभा रहे हैं। जंबोरी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही इस फिल्म को प्रोड्यूसर सुभाष शुक्ला और डायरेक्टर अनुगा खंडेलवाल बना रहे हैं। सौरभ दुबे ने फिल्म निमार्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे विषय पर फिल्म बनाने का साहस करने के लिए उनकी हिम्मत की दाद देनी होगी। लखनऊ के रहने वाले सौरभ ने बताया कि पिछले 35 वर्षों से वह फिल्म इंडस्ट्री में विभिन्न किरदार निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री फिल्म की कहानी अपने आप में अनूठी है, जिसे दर्शक जरूर पसंद करेंगे। युवाओं को संदेश देते हुए सौरभ ने कहा कि हमें दिमाग की नहीं, दिल की सुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि इच्छाओं का कोई अंत नहीं होता और दिमाग इन इच्छाओं की पूर्ति में जीवन को उलझा देता है। उन्होंने कहा कि काम को पूजा की तरह करना चाहिए। जैसे मंदिर में सब कुछ ईश्वर को समर्पित करते हैं, वैसे ही अपने कर्मों को ईश्वर को समर्पित कर बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए।

# चेयरमैन के बेटे ने पत्नी को मारी गोली

**भाई बोला- भाभी को किसी और के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, कांट नगर पंचायत में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। नगर पंचायत चेयरमैन मोनारा बेगम के बेटे ने अपनी पत्नी को मकान के अंदर गोली मार दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ऑटो करके थाने पहुंची। पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। थाने से महिला को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। गंभीर रूप से घायल महिला को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना के कारणों की जांच चल रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि चैयरमेन के बेटे शकील उर्फ नन्हे ने अवैध संबंध के चलते पत्नी को गोली मारी है। घटना के बाद घायल महिला खुद ऑटो से थाने पहुंच गई। उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत महिला को अपने वाहन से कांट सीएचसी भेजा। वहां से महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। महिला का इलाज चल रहा है। आरोपी के भाई ने जानकारी दी कि महिला के तीन बच्चे हैं। दो बेटियां पहले पति से हैं। मेरे भाई शकील से एक बेटा है। आरोपी के भाई के अनुसार, करीब तीन साल पहले महिला और शकील संपर्क में आए थे। तब महिला शकील को लेकर मुम्बई चली गई थी। उसके चार महीने बाद शकील वापस घर आ गए थे। कुछ समय बाद महिला भी वापस लौट आई थी। यहां थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ले में महिला का मायका है। महिला बच्चों के साथ मायके में रहती है। महिला ने अपने मां बाप को घर से निकाल दिया था।

उसके बाद से महिला घर में अकेली रहने लगी थी। आरोपी शकील दिन में कांट स्थित मकान में रहता था और रात में महिला के मकान में चला जाता था। कभी कभी दो तीन दिन तक वह घर नहीं आता था। बीती रात शकील महिला के मकान पर पहुंचा तो उसने पत्नी को किसी दूसरे व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। तब दोनों के बीच विवाद भी हुआ था। उसके बाद पति वापस कांट स्थित मकान पर चला गया था। आज सुबह भाई अपनी नर्सरी पर था। तभी वहां पर महिला पहुंच गई। दोनों के बीच विवाद के बाद पति ने गोली मार दी।

# पहलगाम हिंसा का विरोध

**बजरंग दल ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , जलालाबाद में राष्ट्रीय बजरंग दल ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया।

कार्यकताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी की और तहसीलदार पैगाम हैदर को प्रधानमंत्री के नाम छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। बजरंग दल ने जम्मू-कश्मीर में हिंदू यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। साथ ही हिंसा में मारे गए लोगों के परिवारों को आर्थिक मदद और एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की गई। संगठन ने धार्मिक आधार पर की गई हिंसा को राष्ट्रद्रोह घोषित करने और देश में चल रहे मदरसों को बंद करने की मांग भी रखी। पहलगाम में हिंदुओं की धर्म के आधार पर की गई हत्या से पूरे देश का हिंदू समाज आक्रोशित है। हिंदू संगठन कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटनास्थल पर पुलिस और सुरक्षा बलों की अनुपस्थिति को बड़ी चूक माना जा रहा है। कार्यक्रम में प्रांत मंत्री अर्पित भामाशाह, जिला अध्यक्ष हरिओम कौशल, पंकज गुप्ता, कमलेश यादव, प्रशांत तिवारी, वीरेंद्र प्रताप, सुमित गुप्ता और मनोज राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**पिता ने की थी गिरफ्तारी की मांग, आरोपी को जेल भेजा गया**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के निवासी उमाकांत के रूप में हुई है। घटना 28 मार्च की है। रोजा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि सेहरामऊ दक्षिणी के सिऊरा गांव का उमाकांत उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। पिता ने बेटी की जान का खतरा बताते हुए उसकी बरामदगी की मांग की थी। पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पैतापुर रोड से आरोपी उमाकांत को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## शराब के नशे में बाइक एक्सीडेंट के बाद की करतूत

**युवक ने पुलिस को दी लूट की झूठी सूचना, थाने में भी किया हंगामा; गिरफ्तार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक शराबी व्यक्ति ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। पुलिस ने झूठी सूचना देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना थाना सदर बाजार क्षेत्र की है। थाना सिंधौली क्षेत्र के पैना सुन्दर गांव का रहने वाला बाबूराम 21 अप्रैल को चिनौर में घरेलू सामान खरीदने आया था। शराब के नशे में उसकी बाइक स्थानीय निवासी प्रेमपाल की बाइक से टकरा गई। इस हादसे में प्रेमपाल और उसके भाई को चोटें आईं। दोनों एक-दूसरे को जानते थे। विवाद के बाद प्रेमपाल ने बाबूराम की बाइक रोक ली। इस पर बाबूराम ने उसी रात यूपी 112 पर फोन कर बाइक लूटने की झूठी सूचना दे दी। अगले दिन घायल प्रेमपाल ने थाने में एक्सीडेंट की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि टक्कर के बाद बाइक सवार अपनी बाइक छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। थाने में वार्ता के दौरान बाबूराम दूसरे पक्ष पर हमलावर हो गया। पुलिस के समझाने पर भी वह शांत नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने बाबूराम के खिलाफ लूट की झूठी सूचना देने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की।

**भारत संवाद परिवार**

1–संरक्षक–भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2–संरक्षक–भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3–संरक्षक–भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4–कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5–उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6–प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# तुर्किये के इस्तांबुल में 6.2 तीव्रता का भूकंप

## 1 घंटे में भूकंप के 3 बड़े झटके, मरमारा सागर में था भूकंप का केंद्र




एजेंसी

अंकारा, तुर्किये के इस्तांबुल में आज 6.2 तीव्रता का एक बड़ा भूकंप आया। इसका केंद्र इस्तांबुल के पास मरमारा सागर में था। तुर्किये की इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी ने बुधवार को बताया कि भूकंप से अभी तक किसी तरह के नुकसान या चोट की कोई खबर नहीं है। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने भी भूकंप की पुष्टि की है और कहा है कि भूकंप जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। शहर और आसपास के इलाकों में बड़े झटके महसूस किए गए। लोकल मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक भूकंप का सेंटर सिलिवरी के नजदीक था, जो तटीय क्षेत्र है और भूकंपीय एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। लोगों को चेतावनी- क्षतिग्रस्त इमारतों न जाएं इस्तांबुल के अधिकारियों ने लोगों को चेतावनी दी है कि वो भूकंप की वजह डैमेज हुई इमारतों में न जाएं। जब तक जरूरी न हो गाड़ी न चलाएं और मोबाइल न इस्तेमाल न करें। जल्द ही डिजास्टर मैनेजमेंट की टीमें नुकसान का आंकलन करेंगी। लोग बोले- तुर्किये में रहना मतलब भूकंप के साथ जीना

लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस्तांबुल के इस इलाके में बीते 6 सालों में भूकंप के इतने शक्तिशाली झटके महसूस नहीं किए गए। लोगों का कहना है कि अचानक इमारतें हिलने लगीं, इसके बाद लोग घर छोड़कर बाहर की तरफ भाग निकले। तुर्किये में रहने का मतलब है भूकंप के साथ जीना। दो साल पहले भूकंप से 53 हजार जाने गई थीं दो साल पहले तुर्किये और सीरिया में आए भूकंप से 60 हजार लोगों की मौत हुई थी, जबकि 75 हजार से ज्यादा घायल हुए थे। तुर्किये में 53 हजार से ज्यादा लोगों की जान गई थी, जबकि 35 हजार से ज्यादा लोगों के घायल हुए थे। 3 बड़ी टैक्टोनिक प्लेट्स के बीच फंसा है तुर्किये तुर्किये में हमेशा भूकंप का खतरा बना रहता है, इसकी वजह समझने के लिए हमें धरती की डिजाइन को समझना होगा। दरअसल, धरती बड़ी-बड़ी टैक्टोनिक प्लेट्स पर स्थित है। इसके नीचे तरल पदार्थ लावा है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज्यादा दबाव पड़ने पर ये प?लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर की ओर निकलने का रास?ता खोजती है और इस डिस?टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। तुर्की का ज्यादातर हिस्सा एनाटोलियन टैक्टोनिक प्लेट पर बसा है। ये प्लेट यूरोशियन, अफ्रीकन और अरबियन प्लेट के बीच में फंसी हुई है। जब अफ्रीकन और अरबियन प्लेट शिफ्ट होती हैं तो तुर्की सैंडविच की तरह फंस जाता है। इससे धरती के अंदर से ऊर्जा निकलती है और भूकंप आते हैं। धरती के कई मील भीतर जब टैक्टोनिक प्लेट हिलती हैं तो सैकड़ों परमाणु बम के बराबर एनर्जी निकलती है। ये एनर्जी दो स्टेप में चार तरह की तरंगों के जरिए धरती के बाकी हिस्सों में फैलकर तबाही मचाती है्र पहला स्टेप- ग्राउंड वेव्सः भूकंप के केंद्र से पृथ्वी की सतह तक ऊर्जा दो तरह की तरंगों से पहुंचती है। ढ वेव और र वेव। ढ वेव एक स्प्रिंग की तरह होती है, जिसमें एक रिंग अपने से आगे के रिंग को दबाते हैं। इसकी फ्रीक्वेंसी और स्पीड ज्यादा होती है यानी ये एनर्जी को धरती की सतह तक जल्दी पहुंचा देते हैं। र वेव अंग्रेजी के अल्फाबेट र के आकार में बढ़ती हैं। र वेव की स्पीड ढ वेव से कम होती है।

दूसरा स्टेप- सरफेस वेव्सः एक बार धरती की सतह पर पहुंच कर भूकंप से निकलने वाली बेतहाशा एनर्जी उस पॉइंट से दो तरीके से आगे फैलती है। पहली- रेली वेव के रूप में और दूसरी लव वेव के रूप में।

# गाजा में इजराइली हमले में 23 लोगों की मौत



एजेंसी

गाजा शहर में एक स्कूल पर रात में हुए इजराइली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिस स्कूल पर इजराइल ने हमला किया, उसमें लोगों ने शरण ली हुई थी। इस बीच अरब मध्यस्थ, हमास के साथ युद्ध को समाप्त करने के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं। प्रस्ताव में पांच से सात वर्ष का संघर्ष विराम और सभी शेष बंधकों की रिहाई शामिल है। इस हमले पर इजराइल की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। हमले में कई टेंटों में आग लग गई, जिससे लोग जिंदा जल गए। सेना का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है और नागरिकों की मौत के लिए हमास जिम्मेदार है क्योंकि उसके लड़ाके घनी आबादी वाले इलाकों में छिपे हुए हैं। इस बीच फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन ने कहा कि गाजा में खाद्य पदार्थों सहित सभी आयातों पर इजराइल की सात सप्ताह लंबी नाकेबंदी असहनीय है। फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने युद्ध जारी रखने के इजराइल के बहाने खत्म करने के लिए हमास से बंधकों को रिहा करने का आह्वान किया।

**सेना का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है और नागरिकों की मौत के लिए हमास जिम्मेदार है क्योंकि उसके लड़ाके घनी आबादी वाले इलाकों में छिपे हुए हैं।**

उन्होंने एक भाषण के दौरान कठोर का इस्तेमाल करते हुए हमास से हथियार छोड़ने का आह्वान करते हुए अपनी मांगों को दोहराया। मिस्र और हमास के अधिकारियों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि मिस्र और कतर अब भी युद्ध विराम प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं, जिसमें पूरे क्षेत्र से इजराइली सेना की वापसी और फलस्तीनी कैदियों की रिहाई शामिल है।

युद्ध विराम वार्ता में शामिल रहे ट्रंप प्रशासन ने कहा कि वह इजराइल के रुख का पूर्ण समर्थन करता है।

# पोप फ्रांसिस के निधन पर इजरायल ने गलती से पोस्ट कर दिया शोक संदेश

## फिर झट से किया उसे डिलीट



एजेंसी

पोप फ्रांसिस ने 88 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। अपने निधन से पहले, उन्होंने 12 वर्षों तक रोमन कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया। पोप फ्रांसिस के निधन के बाद देश दुनिया से प्रतिक्रिया आईं, सभी ने शोक जताया। लेकिन इसी क्रम में एक मुल्क ऐसा भी है जिसने पोप फ्रांसिस के निधन के बाद एक पोस्ट किया और फिर उसे तुरंत डिलीट भी कर दिया। लेकिन हाईटेक हो चुकी दुनिया में वो उसे सुर्खियां बटोरने से नहीं रोक सके। ये मुल्क इजरायल है। दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोप फ्रांसिस की मृत्यु के बाद इजरायल द्वारा शोक संदेश पोस्ट किया गया और पोस्ट किए जाने के कुछ ही घंटों के भीतर इसे हटा दिया गया। अधिकारियों ने बाद में गलती से किया गया पोस्ट बताया। इसे हटाने का कारण गाजा में इजरायल की कार्रवाइयों की पोप की मुखर निंदा बताया गया। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने एक निर्देश जारी किया, जिसमें सभी राजनयिक मिशनों को इस तरह के किसी भी पोस्ट को हटाने और वेटिकन दूतावासों में शोक संदेश पुस्तिकाओं पर हस्ताक्षर करने से परहेज करने का निर्देश दिया गया। यह निर्देश बिना किसी स्पष्टीकरण के आया, जिससे कई राजनयिक हैरान हो गए। एक राजनयिक ने वाईनेट न्यूज को बताया हमें कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला, केवल हटाने का एक स्पष्ट आदेश मिला। जब हमने पूछा, तो हमें बताया गया कि यह मुद्दा 'समीक्षा के अधीन' है। कैथोलिक बहुल देशों में तैनात राजदूतों ने विशेष चिंता व्यक्त की, चेतावनी दी कि इस तरह के अचानक और अस्पष्ट निर्णय से वैश्विक कैथोलिक समुदाय लग-थलग पड़ सकता है। आमतौर पर पोप संघर्ष के मुद्दों पर कम ही बोलते हैं लेकिन हाल में वो गाजा में इजराइल की बमबारी को लेकर कुछ ज्यादा ही मुखर रहे थे।

आपको बता दें कि पोप फ्रांसिस ने इस्राइल की ओर से गाजा में लगातार की जा रही बमबारी को क्रूरता करार दिया था। इस्राइल ने पोप फ्रांसिस पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। इस्राइल ने पोप फ्रांसिस पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया था।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोप फ्रांसिस की मृत्यु के बाद इजरायल द्वारा शोक संदेश पोस्ट किया गया और पोस्ट किए जाने के कुछ ही घंटों के भीतर इसे हटा दिया गया। अधिकारियों ने बाद में गलती से किया गया पोस्ट बताया। इसे हटाने का कारण गाजा में इजरायल की कार्रवाइयों की पोप की मुखर निंदा बताया गया।**

# न्यू जर्सी के जंगल में लगी आग, हजारों लोगों को घर खाली करने पड़े



एजेंसी

न्यूजर्सी में तेजी से फैल रही जंगल की आग के कारण बुधवार को हजारों लोगों को अपने घरों को खाली करना पड़ा। इसके चलते एक प्रमुख राजमार्ग के एक हिस्से को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। न्यू जर्सी के सबसे व्यस्त राजमार्गों में से एक गार्डन स्टेट पार्कवे को मंगलवार रात बानेर्गेट और लेसी टाउनशिप के बीच बंद कर दिया गया था। ओशन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बुधवार सुबह पोस्ट किया कि इसे फिर से खोल दिया गया है। न्यू जर्सी फॉरेस्ट फायर सर्विस ने बताया कि 1,300 से अधिक इमारतों को खतरा है और लगभग तीन हजार लोगों को अन्यत्र भेजा गया है। बानेर्गेट पुलिस विभाग के अनुसार, दो स्कूलों में आश्रय स्थल खुले हैं। जर्सी सेंट्रल पावर एंड लाइट कंपनी ने मंगलवार शाम फॉरेस्ट फायर सर्विस के अनुरोध पर लगभग 25 हजार उपभोक्ताओं की बिजली काट दी, जिसमें बानेर्गेट टाउनशिप के हजारों उपभोक्ता भी शामिल हैं। कंपनी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि बुधवार से पहले बिजली बहाल होने की उम्मीद नहीं है।

**जर्सी सेंट्रल पावर एंड लाइट कंपनी ने मंगलवार शाम फॉरेस्ट फायर सर्विस के अनुरोध पर लगभग 25 हजार उपभोक्ताओं की बिजली काट दी, जिसमें बानेर्गेट टाउनशिप के हजारों उपभोक्ता भी शामिल हैं।**

# पहलगाम आतंकी हमला, पंजाब में मुस्लिमों का प्रदर्शन

### पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे; शाही इमाम बोले- आतंकियों को बीच चौक पर फांसी हो



प्रदर्शन के दौरान मुस्लिम समुदाय ने आतंकवाद का पुतला जलाया और 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' व 'आतंकवाद मुर्दाबाद' के नारे लगाए। समुदाय के नेता मुहम्मद मुस्तकीम का कहना है कि कश्मीर में आतंकियों द्वारा निहत्थे लोगों पर किया गया हमला निंदनीय है। इसका पूरा मुस्लिम समाज विरोध करता है।

एजेंसी

लुधियाना , जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को पंजाब के लुधियाना में प्रदर्शन किया गया। यहां के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आतंकी घटना की निंदा की और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले लोगों ने नमाज अदा की।प्रदर्शन में पंजाब के शाही इमाम उस्मान लुधियानवी भी शामिल हुए। 4 दशक में यह सबसे बड़ा हमलाः शाही इमाम ने इस हमले को नापाक हरकत बताया। उन्होंने कहा- मैं मानता हूं कि पिछले 4 दशक के अंदर यह सबसे बड़ा हमला है। जिन लोगों को नाम पूछकर मारा गया है, वे निहत्थे थे। वे किसी के खिलाफ कोई षड़यंत्र रचने नहीं गए थे। उनकी हत्या कर देश के अंदर नफरत फैलाने की साजिश रची गई है।आतंकियों को बीच चौराहे पर फांसी दोः मैं भारत सरकार से कहना चाहता हूं कि जिस तरह आतंकी पकड़े जाते हैं, मुकदमे चलते हैं, लंबी प्रक्रिया होती है। इस बार की कार्रवाई में कोई लंबा मुकदमा न चलाया जाए। फास्ट ट्रैक अदालत में केस चलाकर 10 दिन के अंदर फैसला हो और आतंकियों को बीच चौराहे पर लाकर फांसी दी जाए। आतंकियों का कोई धर्म नहीं: आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता। उनकी तो कोशिश होती है कि किसी तरह हरकतें कर नफरत फैलाई जाए। इसी बीच कुछ लोगों को बहाना भी मिल जाता है। वे इसका फायदा उठाकर दो समुदायों के बीच नफरत फैलाना शुरू कर देते हैं। यह इस्लाम को बदनाम करने की कोशिश भारत के मुसलमानों से मैं कहना चाहता हूं कि आतंकियों ने इस्लाम का नाम लेकर इस्लाम को बदनाम करने की कोशिश की है। इसलिए, हम सभी को आतंकवाद के खिलाफ खुलकर सामने आना होगा। किसी भी कीमत पर यह बात आतंकी संगठनों और पाकिस्तान को बतानी होगी कि वह जो करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। मुस्लिम समझ चुके, आतंकियों का मकसद देश को बर्बाद करना ऐसा पहली बार हुआ है कि कश्मीर के मुस्लिम संगठनों ने ऐलान किया है कि जम्मू-कश्मीर बंद रहेगा। वहां के बहुसंख्यक मुसलमानों को भी समझ में आ गया है कि आतंकियों का मकसद देश को बर्बाद करना है।

# न तो देश का इतिहास माफ करेगा, न भविष्य

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भाजपा पर भड़के अखिलेश

**सपा नेता ने आगे लिखा कि भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के खिलाफ देश भर के करोड़ों लोगों के मन में उठ रहा, गहरे दुख, रोष और क्रोध से भरा ये आक्रोशित सवाल गलत नहीं है कि अगर भाजपाई और उनके संगी-साथी देश भर के पर्यटकों को जम्मू-कश्मीर के भ्रमण पर जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं तो उनकी सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध पहले से क्यों नहीं किये गये?**



एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश में गुस्सा है। वहीं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के बेहद दर्दनाक हादसे पर बचकाना विज्ञापन छापकर साबित कर दिया है कि भाजपाइयों की संवेदना उनके प्रति शून्य है, जिन्होंने अपना जीवन खोया है और जिनके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। भाजपा अब ये विज्ञापन हटवा भी देगी तो भी उसका ये पाप उसके कट्टर समर्थक तक माफ नहीं करेंगे। भाजपा हमेशा आपदा में अपनी सत्ता और सियासत के लिए अवसर ढूँढती है। भाजपा अपनी सत्ता के सिवा किसी की सगी नहीं है। घोर निंदनीय !उन्होंने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर में भाजपा सरकार ने सब कुछ अपने मन मुताबिक किया है तो वो इतने अधिक लोगों की असामयिक मौत के लिए अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती। ये केंद्र की सरकार की नाकामी है कि वो पहले से पता नहीं कर पायी कि देश के दुश्मन इतनी वीभत्स घटना को अंजाम देनेवाले हैं। ये कोई पहली बार नहीं हुआ है, भाजपा सरकार ने अगर पिछले हमलों से सबक लिया होता तो वो पहले से ही सचेत-सजग रहती और ऐसे हमलों को रोका जा सकता था, लोगों के जीवन को बचाया जा सकता था। संवेदनहीन भाजपाइयों से आग्रह है कि जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उनका दुख-दर्द समझकर कम-से-कम देश की सुरक्षा को तो जुमला न बनाएं। ये असीम दुःख की घड़ी है, इसको भाजपाई दिखावटी बैठकों से और झूठी संवेदनाओं से झुठलाने का कुकृत्य न करें।

सपा नेता ने आगे लिखा कि भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के खिलाफ देश भर के करोड़ों लोगों के मन में उठ रहा, गहरे दुख, रोष और क्रोध से भरा ये आक्रोशित सवाल गलत नहीं है कि अगर भाजपाई और उनके संगी-साथी देश भर के पर्यटकों को जम्मू-कश्मीर के भ्रमण पर जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# 'पूरे देश के सामने हम शर्मिंदा हैं', पहलगाम हमले पर बोलीं महबूबा मुफ्ती, कश्मीरियत तो है, लेकिन...

**महबूबा मुफ्ती ने कहा कि हम कश्मीरी इस घटना से शर्मिंदा हैं। यह पूरे जम्मू-कश्मीर पर हमला है। गृह मंत्री को घटना के दोषियों का पता लगाना चाहिए और उन्हें सजा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कश्मीरियत तो है, लेकिन हम पूरे देश के सामने शर्मिंदा हैं।**



एजेंसी

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के विरोध में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के एक मार्च का नेतृत्व किया जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि हम कश्मीरी इस घटना से शर्मिंदा हैं। यह पूरे जम्मू-कश्मीर पर हमला है। गृह मंत्री को घटना के दोषियों का पता लगाना चाहिए और उन्हें सजा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कश्मीरियत तो है, लेकिन हम पूरे देश के सामने शर्मिंदा हैं। मुफ्ती ने कहा कि जो कल पहलगाम में हमला हुआ वह केवल मासूम पर्यटकों पर हमला भर नहीं था बल्कि जम्मू कश्मीर के लोगों पर हमला था। हम इसकी निंदा करते हैं। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री यहां आए हुए हैं, मेरी उनसे अपील है कि वे पता लगाएं कि इसमें कौन लोग शामिल थे ताकि उन्हें जल्द से जल्द सजा दी जाए... मैं आपसे शर्मिंदा हूं, कश्मीरी आपसे शर्मिंदा हैं कि आप यहां आए और आपके साथ इतना बड़ा हादसा हुआ।

# देश में मुस्लिमों के प्रति बढ़ रहा भेदभाव:रॉबर्ट वाड्रा

## हमला मोदी को संदेश', पहलगाम आतंकी हमले पर बोले रॉबर्ट वाड्रा

**रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि यदि आप इस आतंकवादी कृत्य का विश्लेषण करते हैं, यदि वे (आतंकवादी) लोगों की पहचान को देख रहे हैं, तो वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? क्योंकि हमारे देश में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच एक विभाजन पैदा हो गया है...इससे इस तरह के संगठनों को लगेगा कि हिंदू सभी मुसलमानों के लिए समस्या पैदा कर रहे हैं। पहचानों को देखना और फिर किसी की हत्या करना, यह प्रधानमंत्री के लिए संदेश है, क्योंकि मुसलमान कमजोर महसूस कर रहे हैं। अल्पसंख्यक कमजोर महसूस कर रहे हैं...यह बात ऊपर से आनी चाहिए कि हम अपने देश में सुरक्षित और धर्मनिरपेक्ष महसूस करें, और हम इस तरह की हरकतें होते नहीं देखेंगे।**



एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों की मौत पर कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा ने गहरा दुख जताया है। वाड्रा ने कहा कि पहचान देखकर किसी की हत्या कर देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए संदेश है, क्योंकि मुसलमान खुद को कमजोर महसूस कर रहे हैं। अल्पसंख्यक खुद को कमजोर महसूस कर रहे हैं। वाड्रा ने बुधवार (23 अप्रैल) को मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे बहुत बुरा लग रहा है और मेरी गहरी संवेदना उन लोगों के प्रति है जो इस आतंकवादी कृत्य में मारे गए हैं...हमारे देश में, हम देखते हैं कि यह सरकार हिंदुत्व की बात करती है, और अल्पसंख्यक असहज और परेशान महसूस करते हैं। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि यदि आप इस आतंकवादी कृत्य का विश्लेषण करते हैं, यदि वे ( आतंकवादी ) लोगों की पहचान को देख रहे हैं, तो वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? क्योंकि हमारे देश में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच एक विभाजन पैदा हो गया है...इससे इस तरह के संगठनों को लगेगा कि हिंदू सभी मुसलमानों के लिए समस्या पैदा कर रहे हैं। पहचानों को देखना और फिर किसी की हत्या करना, यह प्रधानमंत्री के लिए संदेश है, क्योंकि मुसलमान कमजोर महसूस कर रहे हैं। अल्पसंख्यक कमजोर महसूस कर रहे हैं...यह बात ऊपर से आनी चाहिए कि हम अपने देश में सुरक्षित और धर्मनिरपेक्ष महसूस करें, और हम इस तरह की हरकतें होते नहीं देखेंगे। इस बीच, मंगलवार को हुए दुखद आतंकी हमले के बाद, जिसमें कई मासूम लोगों की जान चली गई, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पहलगाम के बैसरन मैदान में आतंकी हमले के स्थल पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री ने पहले हेलीकॉप्टर से घटनास्थल पर पहुंचकर इलाके का हवाई जायजा लिया, जो अब हिंसा के निशानों को झेल रहा है। अमित शाह ने कड़ी सुरक्षा के बीच इलाके का दौरा किया और शीर्ष अधिकारियों ने उन्हें मौजूदा स्थिति और इलाके में चल रहे ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी।

## संक्षेप

### रास्ते के विवाद में जमकर मारपीट

**5 साल की बच्ची समेत दो लोग घायल, पथराव में बच्ची की हालत गंभीर; लखनऊ रेफर**

सुलतानपुर, धम्मौर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर तकिया में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई। इस घटना में एक पिता और उसकी 5 वर्षीय बेटी घायल हो गए। बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घायल सोनू कुमार ने बताया कि वह घर लौट रहे थे जब कुछ लोग आपस में झगड़ा कर रहे थे। उन्होंने झगड़ा रोकने की कोशिश की तो उन्हें और उनकी बच्ची को मार दिया गया। पहले से चल रहे रास्ते के विवाद के कारण वे दूसरे रास्ते का इस्तेमाल कर रहे थे। आरोप है कि मोकम्म और उनका बेटा सलमान लोगों को आने-जाने से रोक रहे थे। घायल बच्ची गौरी की मां रेनू ने बताया कि उनका इस विवाद से कोई संबंध नहीं था। करीम और अन्य लोगों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया, जिसमें उनकी बच्ची घायल हो गई। सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने कहा कि कुछ लोग इस घटना को धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह महज रास्ते का विवाद है। मौके पर स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### पहलगाम आतंकी हमले पर एबीवीपी का विरोध प्रदर्शन

**बांदा में कार्यकताओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका**

बांदा, बांदा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकताओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। एबीवीपी नगर इकाई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने शहर के अशोक लाट चौराहे से कचहरी चौराहे तक मार्च किया। इस दौरान उन्होंने 'पाकिस्तान मुदार्बाद' और 'आतंकवाद मुदार्बाद' के नारे लगाए। कचहरी चौराहे पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। एबीवीपी ने मांग की है कि सरकार आतंकवाद के पीछे काम कर रही शक्तियों को मुंहतोड़ जवाब दे। कार्यकताओं ने कहा कि देश विरोधी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक युवक की मौत

**दो गंभीर; गेहूं भरते समय हुआ हादसा**

बांदा, मटौंध थाना क्षेत्र में खेत में गेहूं की कटाई के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली में फसल भरते समय अचानक ट्रॉली पलट गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने तुरंत घायलों को जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शिवम तिवारी के रूप में हुई है। अन्य दो घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिजली के पोल में लगी आग, पुराने तारों में शॉर्ट सर्किट से हादसा

## विभाग की टीम ने 20 मिनट में पाया काबू

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, अल्लापुर क्षेत्र में आज सुबह एक बिजली के पोल में अचानक आग लग गई।

घटना कब्रिस्तान के पास मुन्ना स्वीट हाउस के सामने की है। पोल से पहले चिंगारियां निकलीं और फिर धुआं व लपटें उठने लगीं।

घटना के समय सड़क पर भीड़भाड़ थी। आसपास दुकानें और रिहायशी इलाका होने से लोग घबरा गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पहले बिजली सप्लाई काटी। इससे आग को फैलने से रोका जा सका। टीम ने करीब 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। बिजली विभाग के अनुसार शॉर्ट सर्किट से आग लगी। पोल में लगे पुराने तार गर्मी और अधिक लोड से पिघल गए।

विस्तृत जांच के बाद सटीक कारण पता चलेगा। यह घनी आबादी वाला इलाका है। यहां स्कूल, दुकानें और रिहायशी घर हैं। समय पर आग बुझने से बड़ा हादसा टल गया। किसी तरह की जान-माल की हानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने विभाग की कार्रवाई की सराहना की। साथ ही क्षेत्र के अन्य पुराने पोलों की जांच की मांग की। कुछ लोगों ने बताया कि इस पोल में पहले भी स्पार्किंग देखी गई थी। स्थानीय पार्षद ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अब क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है और स्थिति सामान्य है।

# यूपीएससी टॉपर का प्रयागराज में भव्य स्वागत

**शक्ति दुबे ने मां गंगा के आशीर्वाद और माता-पिता के समर्पण को बताया सफलता की वजह**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, यूपीएससी 2024 की टॉपर शक्ति दुबे बुधवार को प्रयागराज पहुंचीं। वह दोपहर 12 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस से प्रयागराज जंक्शन आईं। स्टेशन पर परिजनों और शुभचिंतकों ने उनका भव्य स्वागत किया। प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर शक्ति के आगमन पर तालियां और जयकारे गूंज उठे। शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। शक्ति ने मीडिया से बातचीत में अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा कि मां गंगा का आशीर्वाद उनके साथ रहा। प्रयागराज की पवित्र भूमि से उन्हें हमेशा ऊर्जा मिली। गंगा किनारे से उन्हें शांति और प्रेरणा मिलती थी। टॉपर ने युवाओं को संदेश दिया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत से सफलता जरूर मिलती है। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। शक्ति की मां ने भावुक होकर कहा कि बेटी ने पूरे शहर का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। पिता ने बताया कि शक्ति बचपन से पढ़ाई में गंभीर और अनुशासित रही हैं। प्रयागराज के लोगों ने इस ऐतिहासिक सफलता पर गर्व जताते हुए शक्ति के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अवैध गेहूं परिवहन पर कार्रवाई

- 54 बोरी गेहूं लदी पिकअप और 417 बोरी से भरी 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, गेहूं के अवैध भंडारण और परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मोहनगंज क्षेत्र के बहादुरपुर मार्ग पर दोपहर के समय एक पिकअप और पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया। जांच में पिकअप में 54 बोरी और ट्रैक्टर-ट्रॉली में 417 बोरी गेहूं मिला। वाहन चालकों के पास गेहूं के परिवहन और भंडारण से जुड़े कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। विपणन निरीक्षक तिलोई और सिंहपुर ने इसकी सूचना जिला विपणन अधिकारी राजेश्वर सिंह को दी। अधिकारी के आदेश पर सभी वाहनों को मोहनगंज थाने में सीज कर दिया गया। जिला विपणन अधिकारी राजेश्वर सिंह ने बताया कि मंडी समिति की मदद से मामले की जांच की जा रही है। गेहूं के मालिक, इसके गंतव्य और वैध दस्तावेजों के बारे में पड़ताल चल रही है। उन्होंने कहा कि यह विशेष अभियान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाने और अवैध भंडारण रोकने के लिए चलाया जा रहा है। मोहनगंज थाना प्रभारी राकेश सिंह के अनुसार विपणन निरीक्षक ने सभी वाहन थाने के सुपुर्द कर दिए हैं। अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# बसपा के दिग्गज नेता ने थामा कांग्रेस का दामन

**26 साल बसपा में रहे मो. जफर खान को अजय राय ने दिलाई पार्टी की सदस्यता**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, वरिष्ठ राजनेता और बहुजन समाज पार्टी के पूर्व नेता मोहम्मद जफर खान ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली है। लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समारोह में उन्होंने औपचारिक रूप से कांग्रेस का दामन थामा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और राष्ट्रीय सचिव एवं यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मोहम्मद जफर खान पिछले 26 वर्षों से बसपा में सक्रिय थे। उन्होंने बसपा में मंडल कोऑर्डिनेटर, जिला संयोजक और जिला उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। जनपद में उनकी सभी वर्गों में मजबूत पकड़ मानी जाती है। कांग्रेस ने इस राजनीतिक घटनाक्रम को एक सशक्त संदेश के रूप में देखा है। पार्टी के अनुसार यह आगामी चुनावों की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जफर खान के कांग्रेस में शामिल होने से जनपद की राजनीति में नए समीकरण बन सकते हैं।

# मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का अर्द्ध नग्न अवस्था में प्रदर्शन

- महंगाई और कानून व्यवस्था पर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद के नेतृत्व में बुधवार को कार्यकताओं ने अर्द्ध नग्न अवस्था में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को सौंपा है। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई और बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया गया है। संगठन का कहना है कि देश और प्रदेश में गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता परेशान है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। ज्ञापन में भाजपा की डबल इंजन सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। संगठन का आरोप है कि प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हैं। साथ ही समाज में नफरत फैलाने और बांटने का काम किया जा रहा है। यूथ ब्रिगेड ने कहा कि राज्य में भय और असुरक्षा का माहौल है। सरकार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने के लिए नए-नए फैसले ले रही है। लोकतांत्रिक संस्थानों को कमजोर किया जा रहा है और उन्हें स्वतंत्र रूप से काम करने की आजादी नहीं है।

# दलित युवक की हत्या के बाद सपा का एक्शन

**जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से मिलकर न्याय का दिया भरोसा, प्रशासन को दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, दलित समाज पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने कड़ा रुख अपनाया है। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने दो पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। जामो ब्लॉक के पूरे अलफ सिंह का पुरवा में शिवम कोरी की हत्या के बाद उनके परिवार से मिले। साथ ही जगदीशपुर क्षेत्र के हारी मऊ गांव में लक्ष्मण सरोज के घर भी पहुंचे। दोनों पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने क्षेत्र के थाना प्रभारी और क्षेत्राधिकारी से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने उचित कार्रवाई नहीं की, तो वे इस मामले को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक ले जाएंगे। सपा जिलाध्यक्ष ने अमेठी में बढ़ते अपराध पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि दलित समाज पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। प्रशासन से दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की, जिससे पीड़ितों को न्याय मिले और समाज में भय का माहौल खत्म हो। इस दौरान के डी सरोज, जैनुल हसन, मकसुदुल हसन, श्री राम पासी, विजय पासी, रोहित और अजय तिवारी भी मौजूद रहे।

# पारिवारिक लाभ योजना में भ्रष्टाचार

## प्रधान सहायक ने पत्नी के खाते में भेजे 30 हजार, 11 मामलों में दोहरा भुगतान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में बड़ी वित्तीय अनियमितता सामने आई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक गोकुल प्रसाद जायसवाल पर मुकदमा दर्ज किया गया है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर की गई जांच में गंभीर खुलासे हुए हैं। उपनिदेशक समाज कल्याण राकेश रमन की जांच में पाया गया कि गोकुल प्रसाद ने अपनी पत्नी के बैंक खाते में 30 हजार रुपये ट्रांसफर किए। इस मामले में मंगलवार को गौरीगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। इससे पहले एक वीडियो सामने आया था, जिसमें गोकुल प्रसाद पर रिश्वत लेने का आरोप लगा था। साथ ही, प्रधान सहायक ने समाज कल्याण अधिकारी मनोज शुक्ल पर 40 हजार रुपए जबरन अपने खाते में ट्रांसफर करवाने का आरोप लगाया था। जांच में दोनों के खिलाफ आरोप सही पाए गए।

इसके बाद शासन ने जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज शुक्ल और प्रधान सहायक गोकुल प्रसाद को निलंबित कर दिया। बैंक शाखाओं से की गई पुष्टि जांच में यह भी सामने आया कि गोकुल प्रसाद ने अपात्र व्यक्तियों के खातों में भी योजना की धनराशि ट्रांसफर की। इतना ही नहीं, 11 अन्य मामलों में दोहरा भुगतान कराने में भी उनकी भूमिका पाई गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी और संबंधित बैंक शाखाओं ने इसकी पुष्टि की है। अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार के अनुसार उपनिदेशक समाज कल्याण की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# अनुराग कश्यप के खिलाफ ब्राह्मण समाज में रोष

**पुतला फूंककर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, राया कस्बे में ब्राह्मण समाज ने फिल्म निमार्ता अनुराग कश्यप का विरोध किया। युवा ब्राह्मण सभा ने कश्यप का पुतला फूंका और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ब्राह्मण समाज पर की गई टिप्पणी के विरोध में विकास खंड अधिकारी सत्येंद्र सिंह और थाना अध्यक्ष अजय कौशल को ज्ञापन दिया गया। ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि अनुराग कश्यप ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है। शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को कमजोर नहीं समझा जाए। उन्होंने बताया कि ब्राह्मणों का अपना इतिहास रहा है और हमेशा देश के लिए काम किया है। पुतला दहन के दौरान कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। साथ ही सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की। ब्राह्मण नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक अनुराग कश्यप पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक समाज चैन से नहीं बैठेगा। अभी ज्ञापन के माध्यम से विरोध किया जा रहा है, लेकिन जरूरत पड़ने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में युवा ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें महामंत्री यतीश उपमन्यु, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल शर्मा, दिनेश तिवारी, सूरज शर्मा, विष्णु शर्मा, कान्हा शर्मा, नीतेश पाठक, सुशील शर्मा, देवेंद्र शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, मनोज शर्मा, मुरलिया शर्मा, लवकुश शर्मा और प्रमोद स्वामी शामिल थे।

# कच्चे मकान में लगी भीषण आग

**सिलेंडर फटने से गृहस्थी जलकर राख, फायर ब्रिगेड ने एक घंटे में पाया काबू**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गौरीगंज थाना क्षेत्र के सारीपुर रैकवार का पुरवा गांव में डब्लू सरोज के कच्चे मकान में अचानक आग लग गई। दोपहर के समय लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। घर में रखे गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। गनीमत यह रही कि घर में रखे अन्य सिलेंडरों को समय रहते दूर फेंक दिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने निजी साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सारा सामान जलकर राख इस हादसे में मकान मालिक का सारा सामान जलकर राख हो गया।

# मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में फायरिंग

**डॉक्टर-मरीज जान बचाकर भागे; सुरक्षा को लेकर हड़ताल पर स्टाफ; 5 अरेस्ट**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, मेडिकल कॉलेज की आईसीयू में छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। एक गुट ने कई राउंड फायरिंग की। इससे हॉस्पिटल में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी। छात्रों ने विरोध करने वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों को भी पीट दिया। यह देख मरीज, तीमारदार और डॉक्टर जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इससे आक्रोशित डॉक्टर सुरक्षा की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए। पुलिस ने देर रात 5 आरोपियों को हिरासत में लिया। मुस्लिम यूनिवर्सिटी के हॉर्स राइडिंग शो में छात्रों के दो गुटों में मारपीट हो गई। इसके बाद दोनों गुट एएमयू के ट्रॉमा सेंटर में मेडिकल कराने पहुंचे। यहां दोनों गुटों में मारपीट हो गई। एएमयू के एथलेटिक मैदान में मंगलवार शाम 135 साल पुराना हॉर्स शो चल रहा था। इस दौरान पीछे बैठने को लेकर आदि और आदिल नाम के युवक के बीच बहस हो गई। मामला मारपीट तक पहुंच गया। थोड़ी देर में दोनों गुटों के वहां पहुंच गए। दोनों गुटों में जमकर लात-घूंसे चले। हंगामे की सूचना पर प्रॉक्टोरियल टीम वहां पहुंची। इसके बाद छात्र वहां से भाग गए। मारपीट में घायल आदी के साथी मुकदमा दर्ज कराने की मैदान से निकले।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी